# हमीरपुर गैस एजेंसी के मालिक ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया 1,11,111/- का चेक

**मदद...**

समाज के हर वर्ग को आगे आकर अपने सामर्थ्य के अनुसार इस समय सरकार की सहायता करनी चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**आपदा की** इस घड़ी में प्रदेश का हर वर्ग आज सरकार की मदद करने में लगा हुआ है ताकि हिमाचल प्रदेश एक बार पुनः अपने पैरों पर खड़ा हो सके। अपनी इसी जिम्मेदारी को समझते हुए हमीरपुर के प्रतिष्ठित व्यवसाई, वरिष्ठ पत्रकार एवं हमीरपुर गैस एजेंसी के मालिक हरीश नंदा ने आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलकर उन्हें एक लाख, ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया। उनके इस काम की जहां मुख्यमंत्री ने तारीफ की और उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को आगे आकर अपने सामर्थ्य के अनुसार इस समय सरकार की सहायता करनी चाहिए ताकि आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास का काम जल्दी हो सके। इस बारे में हरीश नंदा ने बताया गया कि आज प्रदेश गहरे संकट में है इसलिए उन्होंने अपनी अच्छा कमाई का कुछ हिस्सा अपने समाज के लिए लगाने का प्रयास किया है। हरीश नंदा ने कहा कि उनके स्वर्गीय पिता रमेश नंदा की ही यह प्रेरणा है जो हमेशा कहते थे कि अपने सामर्थ्य के अनुसार जितना हो सके जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।

## प्रदेश पर्यटकों के आवागमन के लिए पूर्णतः सुरक्षितः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**



**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर के नादौन में कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण प्रदेश में कई सडकें क्षतिग्रस्त हुईं और निजी एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के दृढ़ एवं त्वरित प्रयासों के फ लस्वरूप राज्य में सडकों को काफी हद तक बहाल कर दिया गया है तथा प्रदेश में आगंतुकों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य की अब तक की सबसे भीषण त्रासदी थी, लेकिन अब राज्य में हालात सामान्य हो रहे हैं। नादौन में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के लिए सुरक्षित है और पर्यटक अब चंबा, कांगड़ा, शिमला और अन्य जिलों के भ्रमण पर आ सकते हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



**कृष्ण की** महिमा, कृष्णा का प्यार, कृष्णा की श्रद्धा कृष्ण से ही संसार इन्हीं पंक्तियों का अनुसरण करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इस पर्व का आनंद उठाते हुए पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेकर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने राधा-कृष्ण के परिधानों में सुसज्जित होकर तथा उनसे संबंधित भजनों पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने अपने विचार प्रकट करते हुए भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने जन्माष्टमी से संबंधित कविताएं व संवाद भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने विद्यालय के छात्रों की गतिविधियों की खूब सराहना की और साथ में उन्हें तथा उनके अभिभावकों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण जी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर जन्म लिया। धर्म को स्थापित करने के लिए श्री कृष्ण अवतरित हुए थे।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री से विधायक डा. हंसराज और डीएस ठाकुर ने की शिष्टाचार भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/ चम्बा/ हामिद।**



**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के विधानसभा क्षेत्र तीसा प्रवास के दौरान आज स्थानीय विधायक डॉ. हंसराज एवं विधायक ड़लहौजी डीएस ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री से अपने विधानसभा क्षेत्रवार विभिन्न विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर चर्चा भी की।

### रियलमी ने 33 वॉट सुपरवूक चार्जिंग के साथ रियलमी नाजी 60एक्स 5जी और रियलमी बड्स टी300 लॉन्च किया

**शिमला**: भारत में सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी नाजी 60एक्स 5जी और रियलमी बड्स टी300 पेश किए हैं।ये दोनों रियलमी में इनोवेशन की विरासत के अनुरूप यूजर्स को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। 5जी स्पीड के साथ रियलमी नाजी 60एक्स 5जी भारतीय युवाओं की मांग और इच्छाओं को पूरा करने और नैक्स्ट.जेन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करने के लिए पेश किया गया है। जबकि रियलमी बड्स टी300 में अत्याधुनिक डिजाइन और शानदार साउंड क्वालिटी के साथ यूजर्स को सबसे शानदार ऑडियो अनुभव मिलता है।रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम अपनी सीमाओं का विस्तार करने और यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।अपनी डेयर टू लीप की भावना के साथ हम दो शानदार उत्पाद. रियलमी नाजी 60एक्स 5जी और रियलमी बड्स टी300 लेकर आये हैं जो हमारे इस उद्देश्य के अनुरूप हैं। रियलमी नाजी सीरीज ग्राहकों को बहुत पसंद आयी है और भारत में 14 मिलियन यूजर्स इस सीरीज के स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। इस सीरीज में स्मार्टफोन का निरंतर विकास करते हुए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव डिजाइन पेश किए गए हैं ताकि यूजर्स अपनी व्यक्तिगत अभिव्यक्ति करते हुए टेक्नोलॉजी के मामले में सबसे आगे रह सकें। हमें विश्वास है कि इन दो नए लॉन्च के साथ भारतीय 5जी स्मार्टफोन और एआईओटी के बाजार में रियलमी की स्थिति और ज्यादा मजबूत हो जाएगी। अगले 5जी स्पीड फ्रंटियर,रियलमी नाजी 60एक्स 5जी में शानदार कैमरा,तीव्र चार्जिंग, शक्तिशाली बैटरी,आकर्षक डिजाइन,स्लिम फॉर्म फैक्टर,एक शक्तिशाली 5जी चिपसेट, मल्टीटास्किंग के लिए पर्याप्त रैम और विशाल स्टोरेज क्षमता है। इसमें 50मेगापिक्सल का एआई कैमरा है जिसकी मदद से यूजर्स अपनी रचनात्मकता की पूरी अभिव्यक्ति कर सकते हैं। 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ 33वॉट सुपरवूक चार्जिंग सॉल्यूशन द्वारा यह स्मार्टफोन केवल 29 मिनट में 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है। रियलमी नाजी 60एक्स 5जी में तेज डेटा स्पीड और सुगम ऑनलाइन अनुभव के लिए मीडियाटेक डाइमेन्सिटी 6100 प्लस 5जी चिपसेट दिया गया है।यह स्मार्टफोन 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ 6जीबी तक के अतिरिक्त डायनामिक रैम विकल्प के साथ आता है ताकि यूजर्स सुगमता और आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकें और एक साथ कई ऐप चलाकर अलग.अलग टास्क में स्विच कर सकें।7.89 मिमी अल्ट्रा.स्लिम बॉडी के साथ इंटरस्टेलरएक्स डिजाइन इसे सबसे खास बनाता है और इसे पकड़ना एवं जेब में साथ लेकर चलना बहुत ही आरामदायक है। रियलमी नाजी 60एक्स 5जी दो आकर्षक रंगों . स्टेलर ग्रीन और नेबुला पर्पल एवं दो स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध हैए जिनका मूल्य 12999 रुपए (4जीबी.128जीबी) और 14999 रुपए (6जीबी.128जीबी) है। रियलमी बड्स टी300 यूजर्स को शानदार और इमर्सिव ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन बड्स में हाई क्वालिटी 12.4 मिमी डायनामिक बेस ड्राइवर और 360त स्पेसियल ऑडियो इफेक्ट हैं जो संगीत की विभिन्न शैलियों में बेहतरीन और गहरा बेस और स्पष्ट एवं विस्तृत ऑडियो के साथ शानदार साउंड क्वालिटी प्रदान करते हैं। इसमें 30डेसिबल एक्टिव नॉइज कैंसेलेशन टेक्नोलॉजी है जो परिवेश के शोर को प्रभावी रूप से कम कर देती है और आपको शांति एवं स्पष्टता से साफ आवाज सुनाई देती है। इसके अलावा इन बड्स में 40 घंटे की बैटरी लाइफ,50मिलीसेकंड की अल्ट्रा.लो लेटेंसी और इंटैलीजेंट टच कंट्रोल सहित सहित अनेक आधुनिक विशेषताएँ हैं। रियलमी बड्स टी300 स्लिम और स्टाइलिश डिजाइन के साथ दो आकर्षक रंगों . स्टाइलिश ब्लैक और यूथ व्हाइट में उपलब्ध हैं जिनका मूल्य 2299 रुपये है।

## जन्माष्टमी उत्सव के उपलक्ष्य पर ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में फोड़ी गई दही मटकी

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**



**ऑलमाइटी** पब्लिक स्कूल हमीरपुर में जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। इसमें किंडरगार्टन के बच्चे राधा कृष्णा की वेशभूषा में बहुत सुंदर बनकर आए। नन्हें स्टूडेंट्स ने कृष्ण, बलराम, सुदामा, राधा, रूकमणी, यशोदा, वासुदेव सहित कई पात्रों का रोल अदाकर विभिन्न गानों पर डांस किया। स्कूल प्रबंधक कुलबीर सिंह एवं प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास ने कृष्ण को झूला झुलाया और भोग लगाया। इसके उपरांत स्कूल प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा व अन्य शिक्षकविदों ने बारी-बारी कृष्ण को झूला झुलाया। छोटे बच्चों ने दही हांडी तोड़ी और उस समय का नजारा देखते ही बन रहा था। इसके अतिरिक्त कक्षा आठवी, ग्यारहवीं, छठी, पांचवी के छात्राओं ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया, मधुबन में कन्हैया किसी गोपी से मिले आदि गानों पर नृत्य किया।

# 'आपदा प्रभावित परिवारों को जल्द मिलेगा आवास योजना का लाभ'

### राहत एवं बचाव, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों में प्रदेश सरकार की विशेष प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया/ चम्बा/ हामिद**



**ग्रामीण विकास** एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रदेश में जारी मानसून सीजन के दौरान 6500 से अधिक घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

24 सितंबर से पहले ऐसे सभी परिवारों को आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। वे चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत लोक निर्माण विश्रामगृह में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भारी बारिश एवं बादल फटने की घटना घटनाओं से हिमाचल प्रदेश में 14 हजार से अधिक घरों को नुकसान हुआ है। इनमें 6500 से अधिक अधिक ऐसे घर हैं जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राहत एवं बचाव, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों में विशेष प्राथमिकता रखी है। विधानसभा क्षेत्र तीसा के तहत आपदा प्रभावित लोगों की सुविधा के लिए ग्रामीण विकास मंत्री ने खंड विकास अधिकारी को पंचायत स्तर पर दोबारा से सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि आपदा प्रभावित किसानों-बागवानों के भू-क्षरण से प्रभावित खेत-खलिहान, गौशाला तथा लोगों के घरों को हुए आंशिक नुकसान की भरपाई के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम से एक लाख तक की राशि के कार्यों को जल्द स्वीकृति प्रदान की स्वीकृति प्रदान की जाए।

## द रोज आर्किड वर्ल्ड विद्यालय में धूमधाम से मनाई जाए कृष्ण जन्माष्टमी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



**द रोज** ऑर्किड वर्ल्ड विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरूआत दही हांडी प्रतियोगिता से हुई जिसमें कक्षा छह से 12वीं तक के छात्रों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने कृष्ण धुन भजन प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यार्थियों ने मधुर भजन गाए और उन्हें सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में बीकेडी पब्लिक स्कूल के संगीत शिक्षक मयंक शर्मा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि वह छात्रों के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी स्कूल और सोसायटी द्वारा आयोजित ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आगे आकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कक्षा एक के विद्यार्थियों ने कृष्ण लिलायें प्रस्तुत की। जिन्हे देख कर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया।

## पांवटा में युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के उपमंडल पांवटा साहिब में एक युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। युवक की पहचान 24 वर्षीय अख्तर अली के रूप में हुई है। युवक का नाहन मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। युवक की मां ने अपनी बहू के मायके पक्ष पर मारपीट के आरोप लगाकर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं पुलिस ने घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई है। जानकारी के मुताबिक, अख्तर अली का काफी दिनों से अपनी पत्नी के साथ आपसी विवाद चल रहा था।

## अधिक कीमत पर सामान बेचने पर की कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** वस्तु मूल्यांकन एवं प्रदर्शन आदेश 1977 व हिमाचल प्रदेश जमाखोरी और मुनाफ ाखोरी उन्मूलन आदेश 1977 के तहत निरीक्षण किया गया और इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई गई। इसी कड़ी में जिला के मुख्यालय नाहन में आज खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया हैं। इस दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले व रेट लिस्ट न लगाकर मनमाने दाम वसूलने वाले दुकानदारों के चालान काटते हुए जुमार्ना वसूलने की काईवाई अमल में लाई है। खाद्य आपूर्ति विभाग में इंस्पेक्टर पिंकी ने मीडिया को बताया कि लगातार शहर के मुख्य बाजारों में सब्जी व फ ल विक्रेताओं द्वारा रेट लिस्ट ना लगने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने की शिकायतें मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए आज औचक निरीक्षण करते हुए ऐसे दुकानदारों पर शिकंजा कसा गया हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले दो दुकानदारों के चालान काटे गए और उनसे रू 3500 का जुमार्ना वसूल किया गया है। यहां पर रेट लिस्ट ना लगाने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए सही तरीके से सब्जी व फ ल के दामों को प्रकाशित करने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करने की हिदायतें दी गई है। उन्होंने बताया कि इन कानूनों के तहत दुकानदारों को फ ल और सब्जियों की रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार बेची जा रही वस्तुओं का खरीद बिल निरीक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं करता है या वास्तविक मूल्य से अधिक कीमत वसूल करता पाया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी समय में भी लागू रहेगा।

## हिमाचल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगेः डॉ. राजीव बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए औद्योगिक विकास योजना-2017 के वास्ते 1,164.53 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आबंटन को बुधवार को मंजूरी दी। इस घोषणा के लिए हम केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद करना चाहते हैं। इस बड़ी घोषणा से हिमाचल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम स्मरण करवाना चाहेंगे कि इससे पूर्व में जब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो 2002 में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के लिए औद्योगिक पैकेज की घोषणा सोलन की एक रैली से की गई थी। उसके उपरांत सोलन औद्योगिक क्षेत्र के नक्शे पर उभरा। उन्होंने कहा उसके बाद जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो हिमाचल प्रदेश को स्पेशल कैटिगरी स्टेट का दर्जा दिया गया, जिससे हिमाचल प्रदेश को 90:10 की सहायता मिलनी शुरू हुई। इससे हिमाचल प्रदेश को बहुत बड़ा फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट केंद्र सरकार द्वारा दिए गए, जिसमें बल्क ड्रग पार्क, एम्स जैसे अनेकों प्रोजेक्ट है इन सभी प्रोजेक्ट से हिमाचल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बिंदल ने कहा कि उद्यौगिक विकास योजना के तहत 774 इकाइयां पंजीकृत की गई और अतिरिक्त धनराशि उन्हें मिलेगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं भी स्थित विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में उनके पर्याप्त विस्तार पर सभी पात्र नई और मौजूदा औद्योगिक इकाइयों को संयंत्र में निवेश के 30 प्रतिशत की दर से ऋ ण सीसीआईआईएसी तक पहुंच के लिए केंद्रीय पूंजी निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा और 5 करोड़ रुपये की ऊपरी सीमा वाली मशीनरी भी दी जाएगी।

# राजकीय उच्च विद्यालय खलाणू में वीरों की गाथाओं का गुणगान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**



**भारत सरकार** की परियोजना वीरगाथा 3.0 के तहत राजकीय उच्च विद्यालय खलाणू में 6 सितंबर को इलाका तुंगल के वीरों की गाथाओं का गुणगान किया गया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक निहाल सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने सैनिकों के बहादुरी के कार्यों को विद्यार्थियों तक पहुंचने के मकसद से और इन वीरों की गाथाओं पर कविता, निबंध, कहानी और पेंटिंग इत्यादि की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के मकसद से परियोजना वीरगाथा 3.0 चलाई है जिसका आयोजन विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अगस्त और सितंबर महीने में करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वीरों के साहसिक कार्यों के प्रति विद्यार्थियों और लोगों को जागरूक करने के लिए यह भारत सरकार की एक बहुत ही अच्छी पहल है और हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इस परियोजना के तहत हमें हमारे इलाका तुगल के

**पराक्रम**

कहानी और पेंटिंग इत्यादि की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया

दो वीरों सेवानिवृत सूबेदार काशीराम, महावीर चक्र और सेवानिवृत सूबेदार मेजर आनरेरी कैप्टन खेम सिंह, शौर्य चक्र के पराक्रम की गाथाओं को बच्चों के माध्यम से सब के साथ साझा करने का सौभाग्य मिला है। इस उपलक्ष पर सेवानिवृत सूबेदार मेजर आनरेरी कैप्टन खेम सिंह, शौर्य चक्र ने विद्यालय आकर बच्चों से बातचीत की और अपनी वीरगाथा को सबके साथ सांझा किया। खेम सिंह ने बताया कि उनका संबंध 16 डोगरा से है और 2005 से 2008 के बीच उन्होंने 62 राष्ट्रीय राइफ ल में अपनी सेवाएं दी। उस समय 62 राष्ट्रीय राइफ ल श्रीनगर के नजदीक अनंतनाग के क्षेत्र में कार्यरत थी और यह इलाका उस समय आतंकवादियों का गढ़ हुआ करता था जिसके चलते हर रोज दो-तीन ऑपरेशन हुआ करते थे। उन्होंने बताया कि वह क्विक रिएक्शन टीम में बतौर कयूआरटी जेसीओ कार्यरत थे अतः उनके कार्यकाल के दौरान 62 राष्ट्रीय राइफ ल द्वारा किए गए ज्यादातर ऑपरेशनों में उन्होंने हिस्सा लिया।

## 'मेरी माटी मेरा देश'अभियान के अंतर्गत 19 बूथ की पवित्र मिट्टी कलश में एकत्रित की गई

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुर विधानसभा** क्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत हमीरपुर में 19 बूथ की पवित्र मिट्टी कलश में एकत्रित की गई। माँ भारती के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले असंख्य ज्ञात/अज्ञात वीर-वीरांगनाओं की पावन स्मृतियों को जीवंत रखने उनको सम्मान देने के लिए शुरू हुआ मेरी माटी-मेरा देश अभियान जन-जन का अभियान है। देश की मिट्टी, उनकी वीरता की अटूट विरासत को समेट कर भविष्य के लिए प्रेरणादायी नींव रखने का कार्य करती है।

**मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन व वीरों को वंदन**

देशभर के गाँवों से एकत्रित की गयी मिट्टी से राष्ट्रगौरव व एकता के प्रतीक के रूप में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर राष्ट्रीय एकात्मता के नए सूर्य को उदित करेगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र अत्री, पूर्व विधायक नरेन्द्र ठाकुर, मंडल भाजपा प्रवक्ता विक्रमजीत बनयाल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान ढली को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में आज राजभवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में शिमला के निकट ढली में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सुंदरनगर



स्थित विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान कन्या की तर्ज पर ढली स्थित विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान को सरकारी अधिग्रहण में लिए जाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि यहां के शिक्षकों और अन्य स्टॉफ को भी उचित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि गत दिवस उन्होंने इस संस्थान का दौरा किया और उन्हें यहां की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि यहां अध्ययनरत बच्चों के लिए पर्याप्त स्टॉफ की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशेष रूप से सक्षम बच्चों का यह एकमात्र संस्थान है और यहां की विशेष आवश्यकताएं हैं। उन्होंने कहा कि अन्य आश्रमों में अपनाई जा रही पद्धति की तुलना इस संस्थान से नहीं की जा सकती। इनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिग्रहण में आने से यह संस्थान और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर डॉण्;कर्नलद्ध धनी राम शांडिल ने कहा कि बाल विकास परिषद द्वारा बच्चों को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं और विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां नियमित रूप से निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर और ढली संस्थान की समस्याओं को दूर करने के दृढ़ प्रयास किए जाएंगे।

बाल कल्याण विभाग की निदेशक रूपाली ठाकुर ने राज्यपाल को संस्थान में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और गतिविधियों से अवगत करवाया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक प्रदीप ठाकुर ने विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

# सतर्कता विभाग द्वारा पीआईडीपीआई से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 से पहले चलाये जा रहे त्रैमासिक अभियान के अंतर्गत एनजेएचपीएस के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सतर्कता विभाग द्वारा पीआईडीपीआई से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन नन्द लाल शर्मा,मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रेम प्रकाश के दिशा-निदेर्शानुसार तथा परियोजना प्रमुख एनजेएचपीएस मनोज कुमार के देख रेख मे 1500 मेगा वॉट नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन, झाकड़ी मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 से पूर्व त्रैमासिक अभियान 16 अगस्त 2023 से 15 नवम्बर 2023 चलाया जा रहा है।



त्रैमासिक अभियान के अंतर्गत मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएन प्रेम प्रकाश के मार्गदर्शन मे 06 सितम्बर, 2023 को एनजेएचपीएस मे कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सतर्कता विभाग द्वारा लोकहित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता संरक्षण, संकल्प 2004 (पीआईडीपीआई) विषय आधारित निवारक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक/परियोजना प्रमुख मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की और सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत करवाया। आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सतर्कता विभाग द्वारा पीआईडीपीआई के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई।

## सेरी की वृद्धा ने निगला जहरीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना अंब** के तहत सेरी में 60 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सेरी निवासी चंपा देवी ने बुधवार रात्रि अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ लिया। बिगड़ती तबीयत देख महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'हिमाचल में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें केंद्र सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज जिला मुख्यालय के बचत भवन में बिलासपुर जिला में भारी बारिश से हुए नुकसान राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि हिमाचल में 12 हजार करोड रुपए से अधिक के नुकसान का आंकलन किया गया है जिसके मध्य नजर केंद्र सरकार को हिमाचल के आपदा आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण अब तक 400 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में भी सडकों, पेयजल



परियोजनाओं बिजली परियोजनाओं, कृषि विभाग, उद्यान विभाग व अन्य विभागों को लगभग 215 करोड रुपए के नुकसान का आंकलन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में क्षतिग्रस्त सडकों की बहाली के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है इसके अंतर्गत अधिकांश मुख्य मार्गो को यातायात व्यवस्था के लिए सुचारु कर दिया गया है लोक निर्माण विभाग ने जिला में 80 प्रतिशत से अधिक सडको की मुरम्मत कर दी है। जबकि जल शक्ति विभाग ने कुछ पेयजल योजनाओं को छोडकर सभी क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं को ठीक कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में बिजली विभाग की सभी स्कीमों के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर दिया गया है जिला का कोई भी क्षेत्र अब बिजली से वंचित नहीं है। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की क्षतिगत सडकों और अन्य परियोजनाओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए ताकि जिलावासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में 18 से लेकर 25 सितंबर तक मानसून सत्र आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान व पुनर्वास कार्यों पर चर्चा की जाएगी और आपदा के कारण बेघर हुए लोगों को फि र से बसाने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश देश में विकसित राज्यों में गिना जाता है लेकिन आपदा के बाद हिमाचल के विकास का मॉडल कैसा होगा इस विषय पर गंभीर चिंतन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आपदा से पार पाने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा और दलगत राजनीति से ऊपर आकर नए और विकसित हिमाचल के निर्माण में अपना सहयोग करना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### झूठी गारंटियों से सत्ता तो हासिल कर ली पर जो वायदे किए थे उसका क्या हुआ: निहाल चंद

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



**प्रदेश आपदा** के दौर से गुजर रहा है। हम जहां भी लोगों से मिल रहे हैं तो सब जगह यही बात सामने आ रही है कि लोगों के घर और जमीनें भारी बरसात से बह गई हैं। अब लोग बेघर हैं और उन्हें रहने के लिए जगह नहीं है। भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि अभी प्रशासन ने प्रभावितों को राहत शिविरों में ठहराया है लेकिन अब सर्दी आ चुकी हैं। ऐसे में कब तक इन्हें इस प्रकार खुले में रखा जाएगा। सरकार को जल्द स्थाई हल निकालना ही होगा। जल्द विधानसभा का सत्र होने वाला है जहां आपदा से पीड़ित लोगों की तरफ से उठाई जा रही जमीन के बदले जमीन और मकान के बदले मकान देने की मांग को प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और अन्य विधायक प्रमुखता से उठाएंगे। केंद्र सरकार ने समय समय पर वित्तीय मदद की है और साढ़े छः हजार मकान बनाकर देने की स्वीकृति भी दी है जिसका जिला भाजपा स्वागत करती हैं। ऐसे लोग जो बेघर हुए हैं उन्हें इसमें प्राथमिकता दी जाए ऐसा हम सरकार से आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का नौ माह का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। ये देश की ऐसी पहली सरकार है जिसकी लोकप्रियता पहले छः माह में ही इतनी गिर चुकी है कि लोग इनकी झूठी गारंटियों को देखते हुए कह रहे हैं की सत्ता तो हासिल कर ली पर जो वायदे किए थे उसका क्या हुआ। भाजपा विपक्ष में हैं तो जनता की आवाज तो उठाएंगे ही। सत्ता पक्ष चाहता है कि भाजपा आवाज भी न उठाएं। मतलब भाजपा जनता की बात को अनसुना कर दें क्या। प्रदेश की जनता सब देख रही है कि कैसे कांग्रेस ने वायदे किए थे और अब उनके नेता कैसे कैसे तर्क सत्ता में आकर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने जिस प्रकार से हमारे सनातन धर्म को लेकर टिप्पणियां की हैं उससे जनता आक्रोशित है और इसका जवाब लोकसभा चुनाव में देगी। इंडिया शब्द को जिस प्रकार से इस गठबंधन ने राजनीतिक मंशा से प्रयोग करने की कोशिश की है वो दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन ये देश भारत के नाम से जाना जाता है और भारत के प्रति लोगों का सम्मान भी है और पहचान भी है। भारत तो भारत है जो दिल से आवाज आती है वो भारत है।

### 'लाडा का पैसा प्रभावित पंचायतों को तुरंत मिले'

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**भारी बरसात** से बरपी आपदा के दो माह बीत जाने के बाद भी बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आम जीवन पटरी पर नहीं लौट पाया है। मुख्य सडकें अभी भी बड़े वाहनों के लिए नहीं खुल पाई हैं व प्रशासनिक लचर व्यवस्था चरम पर है, यह बात आज बंजार में बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा की अगर जनता की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से हल नहीं किया तो बंजार की जनता सडकों पर उतर जाएगी और कार्यालयों का घेराव कर आंदोलन किए जायेगे। शौरी ने कहा की लाडा का पैसा पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की सरकार के समय लाया गया था जो की प्रभाबितो का पैसा है उन्होंने सरकार ब प्रशासन को दो टूक कहते हुए कहा जल्द से जल्द लाडा का पैसा पंचायतों को जारी किया जाना चाहिए ताकि आपदा की स्थिति में उस पैसे का सदुपयोग किया जा सके।



### लग्रों इंडिया ने ऑल राउंडर स्विच ऑल्जी को लॉन्च किया

**अमृतसर**: इलेक्ट्रिकल एवं डिजिटल बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में दुनिया की अग्रणी कंपनी लग्रों इंडिया ने ऑल्जी को लॉन्च किया है। यह भारत की सबसे बेहतर स्विच रेंज है जिसे बड़े पैमाने पर देश के लोगों के लिए आकर्षक रंगों,बेहतरीन डिजाइन और बेमिसाल गुणवत्ता के साथ पेश किया गया है ।ऑल्जी के प्रचार .प्रसार के लिए शुरू किए गए कैंपेन में भारत के विभिन्न क्षेत्रों की जोश व उत्साह से भरी भावना की झलक दिखाई देती है। यह कैंपेन सही मायने में भारतीयों के मल्टीटास्किंग जज्बे /ऑलराउंडर स्विच को समर्पित है। ऑल्जी को भारत में मल्टीटास्कर्स के जीवन को आसान बनाने के लिए तैयार किया गया है और बड़े पैमाने पर उपयोगकताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए बेहद सरल डिजाइन वाले स्विच रेंज की पेशकश की गई है ।उदाहरण के लिए उपयोगकर्ता रिमोट कंट्रोल यूनिट की मदद से अपनी जगह से एक इंच हिले बिना भी चार लाइट और एक पंखे को नियंत्रित कर सकते हैं। चार स्विच और एक फैन रेगुलेटर वाला यह फीचर निश्चित तौर पर बेहद सुविधाजनक है।

## भोला भाई चैरिटेबल ट्रस्ट निकालेगा प्राईमरी स्कूल चडयारा के कमरों से मिट्टी



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**गत 13 व** 14 अगस्त को हुई बारिश व बाढ़ की वजह से मंडी शहर से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला चडयारा के परिसर में भारीमात्रा में मलबा घुस गया है। वहीं पर प्राथमिक पाठशाला चडयारा के तीन कमरों में दो से ढाई फु ट तक मिट्टी भर जाने से स्कूल का सामान व रिकार्ड खराब हो गया। प्राथमिक पाठशाला के कमरों में मलबा भर जाने की वजह से बच्चों को बैठने की जगह नहीं है। जिसकी वजह से विभाग की ओर से प्राईमरी के बच्चों को आगामी व्यवस्था होने तक छुट्टी दे दी है और उनकी पढ़ाई ऑन लाईन माध्यम से करवाई जा रही है। स्कूल के तीन में से एक कमरे की सफ ाई स्कूल में तैनात शिक्षिका ने मल्टी टास्क वर्कर के सहयोग से स्वयं बेलचा लगा कर हटाकर बैठने के काबिल बना दिया है। लेकिन दो कमरों में भारी मात्रा में मलबा हटाने के लिए सामाजिक स्तर पर सहयोग की आवश्यक्ता थी। इसे देखते हुए सामाजिक संस्था भोला भाई ट्रस्ट आगे आया है। भोला भोला भाई चेरीटेवल ट्रस्ट मंडी के संचालक सरदार निर्मल सिंह भोला व मुख्य सलाहकार तेजलाल चंदेल ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला चडयारा में प्राकृतिक आपदा से कमरों में भरे मलबे को ट्रस्ट के माध्यम से साफ करने का जिम्मा लिया है ताकि बच्चे पुनः अपनी पढ़ाई ठीक से शुरू कर सकें। ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार तेजलाल चंदेल ने बताया कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने स्कूल परिसर का दौरा करने पर पाया कि स्कूल परिसर में इतना मलबा भर गया है कि उसे हटने के लिए लाखों रूपए की दरकार है। जिसके लिए वे एसएमसी के साथ अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी से मिले और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एडीसी ने एसडीएम सदर को मौका पर जाकर स्कूल परिसर में हुए नुक्सान का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। तेज लाल चंदेल ने बताया कि भोला भाई चेरिटेबल ट्रस्ट के संचालक सरदार निर्मल सिंह भोला और उन्होंने स्वयं यह निर्णय लिया है कि स्कूल के दो कमरों में पड़ी मिट्टी को टद्यस्ट लेबर लगाकर हटवा देगा। जिससे बच्चों के बैठने की व्यवस्था हो और उनकी पढ़ाई बाधित न हो।

## सडक हादसे में प्रवासी घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**डीएवी। स्कूल ऊना के समीप कार की टक्कर से बाइक चालक जख्मी हुआ है। जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अमर पाल निवासी यूपी हाल रिहायश लाल सिंगी बाइक पर सवार होकर डीएवी स्कूल ऊना के समीप से गुजर रहा था। इसी दौरान एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल अमरपाल को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बिलासपुर में अर्धरात्री को जन्मे भगवान श्रीकृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**मंदिर न्यास** बिलासपुर द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन प्रवचने करते हुए कथा वाचक पंडित हंस राज शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विवेचन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। उन्होंने कहा कि भगवान ने आम जन को भय मुक्त करने के लिए तमाम दुखों और कष्टों को अपने उपर झेला है। उन्होंने कहा कि जो अपने बच्चों को यश देती है वह यशोद्धा है और जो आनंद देते हैं वे नंद यानि नंद बाबा है। उन्होंने कहा कि जब कंस को यह पता



चल गया कि उसकी मृत्यु का कारण देवकी के गर्भ से पैदा हो चुका है तथा सुरक्षित निकल भी गया है तो वह अत्यंत क्रोधित हुआ तथा बाल कृष्ण की हत्या करने की योजनाएं तैयार करने लगा। उन्होंने बालकाल में ही पूतना, कगासुर, बकासुर व कालिया नाग आदि आतातायियों का वध किया। वहीं इससे पूर्व बिलासपुर नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बीती रात मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मकथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि मंदिर में श्रद्धालुओं के बैठने को जगह कम पड़ गई। भगवान श्री कृष्ण जन्म के साथ ही भव्य भजन कीर्तन से सारा माहौल कृष्णमय हो गया। मंदिर न्यास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वीरवार को सुबह के समय हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

# जिला अस्टाम विक्रता संघ की कार्यकारिणी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिला अस्टाम** विक्रेता संघ की बैठक अमरजीत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ का गठन किया गया तथा नई कार्यकारिणी बनाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से श्याम लाल को प्रधान चुना गया जबकि बलदेव सिंह को उपप्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष का कार्यभार संजू को सौंपा गया। शमीम अहमद को मुख्य सलाहकार व संजीव कुमार को सलाहकार बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में अमरजीत, जोध सिंह, बोहरू राम, सुरेश कुमार, बिशन दास डोगरा, राजेश कुमार, हंसराज, पदम देव, अनिल कुमार, गोपाल कपिल, हेमराज,



रजत कुमार, पंकज शर्मा को शामिल किया गया। इस मौके पर संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-स्टैंपिंग पॉलिसी का एक स्वर में विरोध किया। नवनियुक्त प्रधान श्याम लाल ने बताया कि सरकार की नजर अब अस्टाम विक्रेताओं की रोजी रोटी पर है। क्योंकि निजी कंपनी के अधीन अस्टाम विक्रेताओं को लाकर उनके हितों के साथ अनदेखी करने पूरा खाका सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अस्टाम विक्रेता इस पॉलीसी के खिलाफ है तथा सरकार से मांग की जाती है कि इस व्यवस्था को पुराने तरीके से ही चलने दिया जाए ताकि इस वर्ग की रोजी रोटी न छिन सके। उन्होंने कहा कि कंपनी की नीति से अस्टाम विक्रेता संतुष्ट नहीं है, क्योंकि इससे अस्टाम विक्रेताओं के रोजगार पर विपरीत असर पड़ेगा।

# भाजपा मनाली मंडल की नवगढ़ित कार्यकारिणी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**वीरबार को** भाजपा मनाली मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल मुख्यतिथि तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा मनाली मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास ने सभी सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मनाली मंड़ल का समस्त कार्यकर्ता संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिये कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने पार्टी के आगामी कार्यों की विस्तृत



जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे किए थे। प्रदेश के लोगों को दस गारंटियां भी दी थीं। इसमें से एक गारंटी प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये, प्रदेश के पांच लाख युवाओं को रोजगार सहित अन्य गारंटी दिए जाने की बात कही थी। हिमाचल की राजनीति में प्रदेश की जनता से इस तरह का छल आज तक किसी ने नहीं किया ।संजीव कटवाल ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद अपने सारे वादे, सारी गारंटियां भूल गई लेकिन प्रदेश के लोग नहीं भूले और आज भी उनकी राह देख रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई आपदा से भारी नुकसान जान माल का हुआ है। वहीं, इस आपदा पर राजनीति भी चरम पर है ।सरकार की ओर से केंद्र सरकार से मदद ना मिलने और आपदा में राजनीति करने के आरोप भाजपा पर लगाए जा रहे हैं जो निराधर है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार इस आपदा की घड़ी में हिमाचल की हर संभव मदद कर रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल का दौरा किया है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो बार हिमाचल आ चुके हैं और हिमाचल की हर संभव मदद भी की जा रही है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण सडके अधिकतर अभी भी बंद पड़ी है परंतु कांग्रेसी नेता इसमें भी झूठा प्रचार कर रहे है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जहां विश्व में भारत मजबूत हुआ है वहीं विगत 9 वर्षों में गरीब कल्याण सेवा और सुशासन के रूप में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चलाकर देश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभान्वित किया है। इस अबसर पर उन्होंने भाजपा मनाली मंडल की नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि आप सभी एकजुट होकर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, भाजपा कुल्लू जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल, पूर्व भाजपा उपाध्यक्षा धनेश्वरी, ठाकुर, सहित आदि उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव नीति देश के आर्थिक हित में : मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**सिरमौर जिला** भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव नीति को लागू करने की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्णय का स्वागत किया है। जिला प्रवक्ता ने बताया कि एक देश एक चुनाव बहुत ही विकासोन्मुख विचार है और लगातार चुनाव के कारण देश में बार.बार आचार संहिता लगने से धन और बल दोनों की हानि होती



है और देश के विकास में रुकावट आती है। मेलाराम शर्मा ने बताया कि लोकसभा और विधानसभाओं के लिए अलग-अलग समय पर चुनाव होने के कारण बार-बार शिक्षकों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की तैनाती से देश प्रदेश के संसाधनों पर विपरीत असर पड़ता है। चुनाव के लिए बार-बार तैनाती के कारण कर्मचारी अधिकारी और शिक्षक वर्ग अपने देश के विकास की अपेक्षा अपना समय बार-बार होने वाले चुनाओं पर बर्बाद करते हैं। यदि एक देश एक चुनाव नीति लागू होती है तो देश प्रदेश के कर्मचारी और अधिकारी अपने संसाधन और समय विकासोन्मुख योजनाओं के कार्यान्वयन पर लगा सकेंगे।

# मुख्यमंत्री ने चनौर में ऐतिहासिक शिव मंदिर में शीश नवाया

## क्रशर गतिविधियों पर भारी बारिश से उत्पन्न चुनौतियों के कारण लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया/ कांगड़ा/ विजय समयाल**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कांगड़ा जिले के चनौर में ऐतिहासिक शिव मंदिर में शीश नवाया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए मंदिर के साथ अपने पुराने संबंध को साझा किया और कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालने से पहले भी वह यहां शीश नवाने के लिए अकसर आते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ब्यास नदी बेसिन और उसकी सहायक नदियों के



किनारे क्रशर गतिविधियों पर प्रतिबंध के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने ऐसे कार्यों को रोकने का निर्णय आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत इस मॉनसून में भारी बारिश से उत्पन्न चुनौतियों के कारण लिया है। इसका उद्देश्य प्रदेश के पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और राज्य के बुनियादी ढांचे को सुरक्षा प्रदान करना है। यह प्रतिबंध न केवल कांगड़ा बल्कि कुल्लू, मंडी और हमीरपुर जिलों में भी लागू है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से पर्यावरण संरक्षण और राज्य के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के वन विश्राम गृह डाडासीबा में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक संजय रतन व होशियार सिंह, कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया, नरदेव कंवर, डॉ. राजेश शर्मा, उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# बड़ी देर भई नंदलाला, तेरी राह कटे दिलवाला से गूंजा धौमेश्वर महादेव मंदिर

## धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, प्रवीण शर्मा बने वासुदेव

**कान्हा की धूम**

▶▶ मंदिर तलमेहड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बड़ी धूम रही। जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल बंगाणा** के धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बड़ी धूम रही। बुधवार रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पंजाबी गायक अमित धर्मकोटी ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। रात्रि 12 बजे बाल कृष्ण भगवान की झांकी निकाली गई, जिसमें वासुदेव के रोल में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं देवकी की भूमिका में पत्नी ममता शर्मा बने। गायक अमित धर्मकोटी ने भजन बड़ी देर भई नंदलाला, तेरी राह कटे दिलवाला, नी में नचना शाम दे नाल आदि भजनों से पंडाल को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रवीण शर्मा ने कहा कि हर वर्ष धौमेश्वर मन्दिर परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रहती है। और श्रद्धालुओ को जन्माष्टमी के पर्व का इंतजार रहता है। कमेटी द्वारा श्री कृष्ण जन्म उत्सव का पहले ही पूरी तैयारियां कर ली गई थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव पर मंदिर आने पर हर भक्त के लिए विशेष तैयारियां की गई थी।

इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, सुनील कुमार सोहन सिंह, विपन साजन, केशवानंद शर्मा, जसवीर सिंह, शिव कुमार, अमरजीत सिंह, राकेश कुमार व अशोक शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# प्रदेश सरकार संकट के समय प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही: बबलू



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**बरसात के** मौसम में बारिश से हुए नुकसान को लेकर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए साथ ही समय पर राहत व बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों की सराहना की है। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने वीरवार को लोक निर्माण विभाग के अंब स्थित विश्राम गृह में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में बारिश से हुए नुकसान पर 40 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से 20 लाख 62 हजार 500 रुपए की मुआवजा राशि के चेक वितरित किए।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने क्षेत्र में समय पर बारिश से प्रभावित लोगों तक राहत व सहायता पहुंचाने पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया की संकट के इस दौर में प्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है और जिन लोगों को अभी तक राहत राशि नहीं मिल पाई है, उन्हें भी जल्द राहत राशि दी जाएगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा के नेताओं पर आपदा के समय में महज राजनीति करने का आरोप लगाया। बबलू ने कहा कि बरसात व बाढ़ से प्रदेश को करीब 12 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने सहायता के नाम पर महज खानापूर्ति की है, जबकि कई लोगों ने आपदा के इस दौर में अपने घरों को साथ-साथ अपने परिजनों भी खो दिया। उन्होंने केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अधिक आर्थिक सहायता देने की मांग रखी है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम जम्वाल, अधिवक्ता विकास कश्यप, प्रदेश ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, कार्यालय कानूनगो बशीर मुहम्मद, पटवारी खुश कुलतार सिंह रायजादा, निशा चौधरी, अधिवक्ता सौरव शर्मा, पंकज भारद्वाज व अन्य उपस्थित रहे।

# लठियाणी में मेडिकल स्टोर मालिक के घर से नशीला पदार्थ बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उपमंडल बंगाणा** के लठियाणी में एक मेडिकल स्टोर मालिक के घर से नशीले पदार्थ बरामद किया है। एंटी ड्रग्स ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई में आरोपी के घर से 3.96 ग्राम हेरोइन और 2500 प्रतिबंधित नशे के कैप्सूल बरामद किए हैं। इनमें 300 कैप्सूल एक्सपाइर थे। टीम ने स्टोर के मालिक के खिलाफ नशीले पदार्थ रखने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एएनटीएफ एंडी ड्रग्ज इंस्पेक्टर सर्वजीत सिंह, एससी अमित, कांस्टेबल अमित कश्यप, उपमंडल बंगाणा रेंज के ड्रग इंस्पेक्टर रजत शर्मा की गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लठियाणी में मेडिकल स्टोर के प्रबंधक के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर की तलाशी लेने पर 3.96 ग्राम हेरोइन और प्रतिबंधित नशे के ट्रामाडोल के 2500 कैप्सूल बरामद हुए। एंटी ड्रग्ज ब्यूरो के इंस्पेक्टर सर्वजीत सिंह ने तत्काल थाना बंगाणा के थाना प्रभारी रवि पाल शर्मा को टीम सहित बुलाकर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है। इंसपेक्टर सर्वजीत सिंह ने बताया कि इस आरोपी के खिलाफ कई दिन से गुप्त सूचनाएं मिल रही थी। टीम को आरोपी के पास हेरोइन और नशीले पदार्थो की खरीद फरोख्त करने के बारे में भी पता चला।

# ट्रिप्पल आईटी ऊना बनेगा देश का नम्बर वन संस्थान: बीओजी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना।**

हमारा लक्ष्य ट्रिप्पल आईटी ऊना को देश का नम्बर वन संस्थान बनाने का है। जिसके लिए जिला प्रशासन ऊना, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व लोकल शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर प्लानिंग की जा रही है। यह बात ट्रिप्पल आईटी सलोह के नवनियुक्त बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमैन रवि शर्मा ने कही। इसके अलावा संस्थान में देश के नामी शिक्षण संस्थानों में सेवाएं दे रहे एक्सपर्ट को भी बुलाया जाएगा, जो कि संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर रहे स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल जानकारी देने के साथ-साथ इंडस्ट्री की डिमांड क्या है और इंडस्ट्रीज में काम कैसे होता के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा



कि ऊना जिला के लोगों के लिए ये एक गर्व का विषय है कि ट्रिप्पल आईटी जैसा बड़ा इंजीनियरिंग संस्थान उनके क्षेत्र में है। जिसमें देश के विभिन्न कोनों से स्टूडेंट्स गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। रवि शर्मा ने कहा कि अभी तक स्थानीय लोगों व स्टूडेंट्स में ट्रिप्पल आईटी को लेकर ज्यादा जागरूकता नही है। लोकल स्टूडेंट्स में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संस्थान द्वारा शिक्षण संस्थानों से मिलकर प्रयास किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि ट्रिप्पल आईटी ऊना का कैंपस देश से स्थापित सभी आईआईटी से काफी बड़ा और सुंदर है। वहीं गुणवत्तापूर्ण स्टाफ छात्रों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहा है। बेहतरीन शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में समय-समय पर खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है ताकि बच्चों का शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. एस. सिल्वा कुमार, रजिस्ट्रार अमरनाथ गिल भी मौजूद रहे। रवि शर्मा ने कहा कि संस्थान का सक्सेस रेट 100 प्रतिशत है। जितने भी छात्र जहां से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं सभी को अच्छी कम्पनियों में जॉब मिल रही है। उन्होंने बताया कि संस्थान से शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्र-छात्राओं 15 लाख से लेकर 60 लाख तक का सालाना पैकेज मिल चुका हैं। वहीं संस्थान का एवरेज पैकेज 16 लाख रुपये सालाना है।

# 'सरकार के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए पूरे प्रदेश के बागवान पैसा इक्टठ्ठ कर सरकार को भरेगा जुर्माना'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**प्रदेश** प्रवक्ता चेतन बरागटा ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि कुछ दिन पहले शिमला जिला के किसान को अपनी सेब की फसल नाले में फेंकनी पड़ी क्योंकि सडकें बंद थी। लेकिन इस सरकार ने सारे मामले को राजनैतिक रूप देते हुए किसान को ही प्रताड़ित करना शुरू किया। और अब किसान को एक लाख रुपया जुर्माना भरे का नोटिस प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भेजा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि बागवान बाहुल्य क्षेत्र में बागवान विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। सडके अभी भी अवरुद्ध पड़ी है जिस कारण बागवान अपने उत्पाद समय पर मंडियों में नही पहुंचा पा रहा है। क्षेत्र में खादों की किल्लत है, बागीचों में पतझड़ की समस्या जस की तस बनी हुई है। अच्छा होता सरकार नौणी विश्वविद्यालय और बागवानी विभाग की एक्सपर्ट्स टीम का क्षेत्र में विजिट करवाते ताकि बागवानों के बागीचों में लग रही विभिन्न बिमारी का कोई समाधान करने में बागवानो की मदद होती। चेतन बरागटा ने की पिछले साल का एम आई एस के तहत खरीदे गए फ लों का भुगतान बागवान को नही हुआ है। अच्छा होता सरकार इस ओर ध्यान देती लेकिन सरकार ने इसके विपरित अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए 1-1 लाख का जुमार्ना बागवानों पर लगा दिया। चेतन बरागटा ने कहा कि वो भाजपा की तरफ से कह रहे कि बागवानों पर लगी 1-1 लाख का जुर्माना बागवान नही भरेंगे।

# शराब तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

**कुल्लू।** थाना कुल्लू के अंर्तगत पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शराब की खेप कुल्लू से खरीदी गई या बाहर से, इस बारे पुलिस पूछताछ कर रही है। शराब तस्करी का मामला उस दौरान सामने आया जब बुधवार बीती रात पुलिस पिरडी में नाका पर मौजूद थी। पुलिस द्वारा इस दौरान भुंतर से आ रही एक टेक्सी कार एचपी 01 के - 5210 को जांच के लिए रोका गया। पुलिस को देखते ही चालक घबरा गया। पुलिस ने शक के आधार पर जब कार की तलाशी ली तो कार से 48 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेग बरामद हुई।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में लिया भाग



**भगवान के दर पर**

▶▶ प्रदेश व जिला वासियों के उज्जवल भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा /हामिद**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से आयोजित शोभायात्रा में भाग लिया इस दौरान सदर विधायक नीरज नैय्यर भी उनके साथ मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने राधा-कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी में शीश नवाया और प्रदेश व जिला वासियों के उज्जवल भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की और विशेष कर उन्होंने हाल ही में पूरे प्रदेश में भारी बरसात से कारण हुए नुकसान से उबरने के लिए भी भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना की। शोभायात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से शुरू होकर चंबा शहर से वापस जुलाहकड़ी में समाप्त हुई। बाजार के चौक पर गवालों ने मटकी फ ोड? की भव्य रस्म भी अदा की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाएं हमें सत्य निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करते रहने का संदेश देती हैं भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो संदेश दिया है वह आज भी प्रासंगिक है।

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल से गूंजा श्री राधाकृष्ण मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के वीरवार को संपन्न हो गई। जन्माष्टमी पर्व पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दिन भर श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर जहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। वहीं श्री कृष्णमंदिर में माथा भी टेका। वहीं राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक इंद्रेश



उपाध्याय ने अपने प्रवचनों से सबको निहाल किया। इस दौरान इंद्रेश उपाध्याय ने अपने भजनों में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे।

कथा वाचक इंद्रेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जिसके जीवन में भागवत आ जाती है, उसे भगवान मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि संतों का स्वभाव दया करना होता है। जब भी जीव पर कोई कष्ट आता है तो संत उसे अपने ऊपर ले लेते हैं। हमें अपने गुरुओं का कहा मानना चाहिए और जो भी आज्ञा दें उसका पालन करना चाहिए। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए इंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। उन्होंने कहा कि बुराई कभी भी अच्छाई से जीत नहीं सकती। सत्य की हमेशा जीत होती है।

**महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म पर दी बधाई**

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने मंदिर में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज खुशी का दिन है। आज के दिन ही श्रीकृष्ण भगवान ने धरती पर जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने धरती पर मानव रूप में जन्म लिया था, जिससे वे मानव जीवन को बचा सकें और मानव के दुखों को दूर कर सकें। इस पर्व को पूरी दुनिया में बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण युगों-युगों से हमारी आस्था के केंद्र रहे हैं। वे कभी तो यशोदा मां के लाल होते हैं तो कभी ब्रज के नटखट कान्हा। उन्होंने कहा कि जैसे सभी अपने बच्चों को जन्मदिन मनाते हैं, ठीक वैसे ही जन्माष्टमी मनानी चाहिए।

# वेतन रोकने पर भड़के आईजीएमसी के सुरक्षाकर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**आईजीएमसी** की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपने दो साथियों का वेतन रोकने से नाराज सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा कर्मियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर सुरक्षा कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। आईजीएमसी सुरक्षा कर्मी यूनियन के प्रधान बबलू ने गुरुवार को कहा कि आईजीएमसी में सिक्युरिटी इंचार्ज का जिम्मा संभालने वाले एक अधिकारी ने दो सुरक्षा कर्मियों का वेतन रोक दिया है। जिन दो सुरक्षा कर्मियों का वेतन रोका है वह दोनों मेडिकल लीव पर थे। इनमें एक सुरक्षा कर्मियों को गाड़ी से टक्कर मारी थी और दूसरा आपदा के



दौरान चोटिल हुआ था। उन्होंने कहा कि अधिकारी का यह कदम सुरक्षा कर्मियों को हतोत्साहित कर रहा है। सुरक्षा कर्मी दिन-रात पूरी ईमानदारी व समर्पण से अपनी ड्यूटी कड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में जितने भी सुरक्षा कर्मी काम कर रहे हैं वह सब इनके पक्ष में सड़कों पर उतरेंगे और विरोध करेंगे। बबलू का आरोप है कि इससे पहले भी उक्त अधिकारी ने सुरक्षा कर्मियों को प्रताड़ित किया है। वह बार बार धमकी देते है कि सुरक्षा कर्मियों को नौकरी से निकाल देंगे। अभी भी कई सुरक्षा कर्मियों के साथ बतमीजी से बात करते हैं। रोजाना सुरक्षा कर्मियों को प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसे में सुरक्षा कर्मियों को काम करना मुश्किल हो गया है। सुरक्षा कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि पहले तो दो सुरक्षा कर्मियों को वेतन दिया जाए उसके बाद उक्त अधिकारी को पद से हटाया जाए। अगर यह कुछ नहीं होता है तो सुरक्षा कर्मी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी। बता दें कि आईजीएमसी व केएनएच में 192 सुरक्षा कर्मी काम कर रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि अब अधिकारी द्वारा यह भी धमकी दी जा रही है कि अब शीघ्र ही सिक्योरिटी का टेंडर होने वाला है और पुराने सुरक्षा कर्मियों का बाहर निकाला जाएगा।

# आईजीएमसी प्रशासन पर फिर उठे सवाल, आउटसोर्स कर्मचारियों ने अधिकारी पर कंपनी से सांठ-गांठ का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश के सबसे** बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रशासन पर एक बार फि र से सवाल उठे हैं और इस मर्तबा प्रशासन के शोषण का शिकार अस्पताल में सेवा दे रहे सुरक्षाकर्मी हुए है। आईजीएमसी सिक्योरिटी यूनियन के प्रेसिडेंट बबलू ने प्रशासन और कंपनी पर आरोप लगाया कि मेडिकल स्थिति के चलते छुट्टी पर गए सुरक्षा कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है और साथ ही कंपनी समेत अधिकारी पर ठीक से व्यवहार न करने का आरोप लगाए हैं। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सिक्योरिटी यूनियन के प्रेसिडेंट बबलू ने बताया कि आपदा के दौरान सरकार के निर्देश थे कि लोग यथा स्थिति पर बने रहेण आपदा के दौरान अस्पताल में काम करने वाले दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए इसके बाद दोनों अभी भी बेड रेस्ट पर है लेकिन ऐसे वक्त में भी प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है जबकि डॉक्टर की ओर से भी दोनों कर्मचारियों को बेड रेस्ट लिखा गया है। इसके अलावा प्रेसिडेंट बबलू ने अस्पताल प्रशासन के संबंधित अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से के अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी गई है तब से उन्हें कभी वक्त पर सैलरी नहीं मिलती और उन्हें परेशान किया जाता है। बबलू ने कहा कि इस मसले पर भी जब वे अधिकारी से बात करने गए तो उन्हें दुत्कार दिया और बात सुनने से ही इनकार कर दिया। सिक्योरिटी यूनियन के प्रेसिडेंट ने अधिकारी पर कंपनी के साथ होने के भी आरोप लगाए हैं।

# सीपीआर विधि के बारे आम जन को किया गया जागरूक : कुलबीर

## सीपीआर विधि के बारे आम जन को किया गया जागरूक : कुलबीर मलिक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा राज्य** रैड क्रॉस मुख्यालय चंडीगढ़ द्वारा एक अनोखी मुहिम सीपीआर मोबाइल वैन के द्वारा महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के संदेश के साथ 25 जुलाई से 9 सितंबर तक हरियाणा के सभी जिलों में भेजा है। जिला करनाल में यह मोबाइल वैन सीपीआर विधि को डॉक्यूमेंट्री एवं लाइव डेमो के साथ 7 व 8 सितंबर गांव-गांव जाकर जन सामान्य को सीपीआर बारे जागरूक किया जा रहा है।



सुषमा गुप्ता वाइस चेयरमैन तथा डॉक्टर मुकेश अग्रवाल महासचिव तथा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैडक्रॉस सोसायटी अनीश यादव आईएएस के मार्गदर्शन जिला करनाल के ऋषिकुल पब्लिक स्कूल घरौंडा, अनाज मंडी घरौंडा, सब्जी मंडी घरौंडा, गाँव बस्ताडा, गाँव हसनपुर, मधुबन पक्के पुल, दून वाली कॉलेज करनाल में जाकर जन-जन को सीपीआर के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

जिला रैडक्रास सोसयटी के सचिव कुलबीर मलिक ने जागरुक करते हुए कहा कि आज सीपीआर की जानकारी होना प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी इमरजेंसी के समय यदि सांस व धडकन क्रिया बंद हो जाए तो सीपीआर विधि के माध्यम से उसे चालू करके उसे व्यक्ति की जान को बचाया जा सके।

राजपाल चौधरी कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेडक्रॉस ने कहा कि सभी को सीपीआर तकनीकी आनी चाहिए, ताकि हार्ट अटैकए पानी में डूबने, जहर लेने, बिजली का करंट लगने, सडक दुर्घटना में काफी मात्रा में रक्त बहने पर पीडित को सांस न आने और हार्ट के काम न करने की स्तिथि में सीपीआर देकर उसकी जिंदगी को काफी हद तक सुरक्षित किया जा सकता है। डॉ. नीना, नरेश कुमार, राकेश कुमार, पुनीत पराशर ने युवाओं को सीपीआर के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि आज सीपीआर विधि का ज्ञान समय की मांग है और हमें इसे पूर्ण निपुणता के साथ सीखना चाहिए।

# 'बीजेपी में महिला सशक्तिकरण का अर्थ है सशक्त भारत माता'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**भारतीय जनता** पार्टी के लिए महिला सशक्तिकरण का अर्थ है सशक्त भारत माता। महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने बताया की भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जानता है की एक शिक्षित तथा सशक्त महिला न केवल अन्य महिलाओं में आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है बल्कि अपने बच्चों के लिए एक बेहतर मार्गदर्शक भी साबित होती है। यही कारण है की हरियाणा की मनोहर सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं द्वारा उनका सहयोग कर रही है। हरियाणा की मनोहर सरकार द्वारा महिलाओं के पोषण और उनके स्वास्थ्य को लेकर दो बड़े प्रयास बीते तीन साल में हुए हैं। मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना के माध्यम से तीन लाख से अधिक महिलाओं और नौ लाख से ज्यादा बच्चों को पूरक पोषक आहार के तौर पर नियमित दूध उपलब्ध कराया है।



## न्यूज फ्लैश

### संगठन के स्थापना दिवस पर 10 सितंबर को रक्तदान शिविर : राजपाल

**गन्नौर।** श्रीराम कल्याणकारी संगठन द्वारा संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर 19 वां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के प्रधान राजपाल छौक्कर ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर गांव की धानक चौपाल में 10 सितंबर को लगाया जाएगा। प्रधान छौक्कर ने युवाओं से शिविर में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

### हर परिस्थिति में करें प्रभु के नाम का जाप : राधा शास्त्री

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री कृष्ण** जन्माष्टमी के अवसर पर काछवा के श्रीकृष्णा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से आई कथाव्यास साध्वी राधा शास्त्री ने बताया कि हमें उठते बैठतेए खाते पीते, चलते फिरते, हर परिस्थिति में प्रभु का नाम जपना चाहिए। इसके साथ मन को वश में करने के विषय के बारे में भी बताया।
सती चरित्र एवं ध्रूव चरित्र और ध्रूव के वश के बारे में जानकारी दी। विदुर चरित्र सुनाते हुए साध्वी राधा शास्त्री ने कहा कि भगवान तो केवल भाव प्रेम के भूखे हैं। भगवान पदार्थों के भूखे नहीं हैं। प्रभु के वश होकर ही विदुरानी के हाथों केलों के छिलकों का पान किया। इसके पश्चात साध्वी राधा शास्त्री ने नी मैं, गल वि पा लेई, गानी शाम दी भजन गाया। इस दौरान मधु भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। आज कथा में यजमान के रूप में सुरेश घई, वरूण शर्मा ने परिवार सहित पहुंचकर पूजा करवाई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एलपी लॉजिसाइंस दिल्ली एनसीआर में अपनी वृद्धि को दोगुना करने के लिए तत्पर



**नई दिल्ली:** प्रतिष्ठित लीलाधर पासू ब्रांड की वेयरहाउसिंग और कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी- एलपी लॉजिसाइंस ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की घोषणा की है, जिसमें अपनी वृद्धि को दोगुना करने वाली सार्थक योजनाएँ भी शामिल हैं। दिल्ली भारतीय वेयरहाउसिंग सेक्टर में अभूतपूर्व बढ़त वाली पृष्ठभूमि है। वर्तमान में, एलपी लॉजिसाइंस के पास ग्रेड ए कम्प्लायंट, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नोएडा और गाज़ियाबाद के बीच लगभग 5000 से अधिक पैलेट स्थिति वाला मल्टी-यूजर वेयरहाउस, और कैमिकल्स सेक्टर के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध है, जो इसके महत्वपूर्ण ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी को अपने क्षेत्र में न सिर्फ विशेषज्ञता, बल्कि सीटीई और फायर एनओसी आदि जैसे विशिष्ट लाइसेंस भी प्राप्त हैं। एलपी लॉजिसाइंस का लक्ष्य अगले दो वर्षों में अपनी वृद्धि को दोगुना करना है। इस मार्ग पर चलते हुए वर्तमान समय में यह सुदृढ़ ग्राहक आधार प्राप्त कर रहा है। वित्त वर्ष 2023 में भारतीय वेयरहाउसिंग सेक्टर में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। इसमें लेन-देन की मात्रा में अविश्वसनीय वृद्धि, रिक्ति दरों में कमी और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) प्रोवाइडर्स की तरफ झुकाव का महत्वपूर्ण योगदान है। विस्तृत नाइट फ्रैंक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के तहत कुल 51.3 मिलियन वर्ग फुट वेयरहाउस स्पेस का लेनदेन किया गया। इसमें से, दिल्ली एनसीआर सबसे महत्वपूर्ण स्थान के रूप में उभर कर सामने आया, जिसने प्रभावशाली 8.6 मिलियन वर्ग फुट वेयरहाउस स्पेस लेनदेन दर्ज किया। हालाँकि, एक बात यह भी निकलकर आई कि रिक्ति दरों में उल्लेखनीय वृद्धि का स्तर काफी कम है। वित्त वर्ष 23 में यह घटकर महज 9.7% रह गया, जो कि वित्त वर्ष 22 में 13.8% था। यह कहीं न कही, क्षेत्र के तेजी से विस्तार और सुदृढ़ माँग की तरफ इशारा करता है। इसके अलावा, यदि महामारी के वर्षों के दौरान यानि वित्त वर्ष 2020 से लेकर वित्त वर्ष 2022 तक देखे गए रुझानों से हटकर बात की जाए, तो थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) प्रोवाइडर्स वित्त वर्ष 2023 में वेयरहाउसिंग वॉल्यूम का 54% हिस्सा हासिल करने में सक्षम रहे हैं। इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स (आई एंड एल) क्षेत्र पर सीबीआरई एच1 2023 की रिपोर्ट इस उल्लेखनीय वृद्धि का समर्थन करती है। साथ ही, यह कुल स्थान अधिग्रहण में सालाना 35% की प्रभावशाली वृद्धि पर भी प्रकाश डालती है, जिसने वर्ष 2023 की पहली छमाही में 19.1 मिलियन वर्ग फुट तक की पहुँच स्थापित की है। मुंबई और चेन्नई के साथ ही साथ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, लीजिंग गतिविधि में एक प्रमुख स्थान के रूप में उभर कर सामने आया है, जो सामूहिक रूप से कुल स्थान अधिग्रहण के 60% हिस्से को कवर करता है। एलपी लॉजिसाइंस ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व विकास किया है।

# नव ज्योति शिक्षा सदन में मनाया गया कृष्ण जन्म महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नव ज्योति** शिक्षा सदन खुबडू-भांवर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। सभी बच्चे राधा व कृष्ण की पोशाक पहनकर आए। कन्हैया के रूप में सजे नन्हें मुन्ने बच्चे सबका मन मोह रहे थे। बच्चों के द्वारा स्कूल में झाकियां निकाली गई। प्राचार्या हीनु शर्मा ने कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बच्चों को अवगत कराया। निदेशक श्री राजेंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हर परिस्थिति का सामना करें।

# बस की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**गन्नौर।** बादशाही रोड पर बीएसटी आईटीआई के निकट एक बस की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। घायल ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव पीरगढ़ी के मोहित ने बताया कि 4 सितंबर को वह अपने दोस्त पवन की मोटरसाइकिल पर गन्नौर जा रहा था। जब वह बादशाही रोड पर बीएसटी आईटीआई के निकट पहुंचा तो एक स्कूल बस तेज रफ्तार से आई और उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने उसे खानपुर मेडिकल में रैफर कर दिया गया।

# श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रोता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गढ़ी केसरी** स्थित राधे कृष्ण मंदिर में कंठी माता सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक कार्ष्णि बलदेव कृष्ण शास्त्री ने कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। जिस सुनकर श्रोता भावुक हो गए।
कार्ष्णि बलदेव कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर फटे कपड़ों में ही मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं, लेकिन उन्हें महल के गेट पर द्वारपालों ने रोक लिया। जब सुदामा ने कृष्ण को अपना मित्र बताया तो द्वारपालों ने उनका मजाक उड़ाया। जिस वजह से सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी ने भगवान श्रीकृष्ण को बताया कि एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खुद को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि अपने मित्र की भावनाओं को देखा।



# 'युवाओं को भगवान श्री कृष्ण के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत'

## दतौली में विहिप व बजरंग दल द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**कस्बे में** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों में मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया। दतौली गांव में विहिप व बजरंग दल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई।
शोभायात्रा में शामिल झांकियां सभी का मन मोह रही थी। शोभायात्रा का शुभारंभ मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने फीता काटकर किया और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने के साथ ही ग्रामीणों को जन्माष्टमी की बधाई दी। गांव के हनुमान मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा के सबसे आगे ढोल नगाड़े बजते चल रहे थे। जबकि शोभायात्रा में गणेश, श्री कृष्ण-राधा, खाटू श्याम, राम लक्ष्मण सीता, शिव परिवार, हनुमान इत्यादि झांकी शामिल थी। शोभायात्रा गांव के मुख्य रास्तों से होकर रात 11 बजे हनुमान मंदिर में समापन हुआ।
इसके बाद मंदिर परिसर में मटकी फोड़ी गई। शोभायात्रा के साथ हिंदू परिषद का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्याअतिथि देवेंद्र कादियान ने लोगों को भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग से प्रेरणा हासिल करने और हर क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को भगवान श्री कृष्ण के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। जिस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने बिना हथियार उठाये महाभारत जैसे युद्ध में जीत दिलाई, उसी प्रकार आज के युवाओं को नशे से दूर रहने की जरूरत है, अध्यात्म में समय बिताने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रदीप गोस्वामी, गुरदीप नायक, हरबीर गोस्वामी, दीपक, सागर, कृष्ण पंडित, जयदीप गिरी, कपिल, अरुण गोस्वामी, संदीप, आशीष सहित काफी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।



# सीआईआई ने कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवाड्र्स 2023 के विजेताओं की घोषणा की



**नई दिल्ली:** भारतीय महिलाओं में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है और वे कई चुनौतियों के बावजूद करियर में सफलता की कहानी लिख रही हैं। सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड न केवल उनकी क्षमताओं का सम्मान है, बल्कि कॉरपोरेट की दुनिया में इनोवेशन, विकास एवं सस्टेनेबिलिटी में महिलाओं के योगदान का भी प्रमाण है। यह बात सीआईआई उत्तरी क्षेत्र की पूर्व चेयरपर्सन रुमझुम चटर्जी ने नई दिल्ली के होटल शांगरी-ला में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा आयोजित सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवाड्र्स के पहले संस्करण समारोह में कही। सीआईआई द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट महिला नेतृत्व पुरस्कारों के पहले संस्करण में 12 श्रेणियों में 221 नामांकनों में से विजेताओं को चुना गया। भव्य कार्यक्रम में समर्पण, दृढ़ता और शानदार प्रदर्शन के दम पर कारोबार की दुनिया में अनूठी छाप छोड़ने वाली महिलाओं को आर दिनेश सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह के बाद कॉर्पोरेट जगत में महिलाएं विषय पर एक ज्ञानवर्धक पैनल चर्चा हुई, जिसमें वक्ताओं ने बदलते आर्थिक परिदृश्य और बढ़ते विकास पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन पहलु पर भी चर्चा हुई, जिनसे भारतीय उद्योगों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कॉरपोरेट भूमिका एवं नेतृत्व में आने का मौका मिलेगा। चर्चा का संचालन सुश्री स्वाति खंडेलवाल ने किया। पैनलिस्ट में एचडीएफसी लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री रेनू सूद कर्नाड, यूएन वीमेन इंडिया की कंट्री रिप्रजेंटेटिव सुश्री सुजैन फर्ग्यूसन और श्री आर दिनेश एवं रुमझुम चटर्जी जैसी हस्तियां शामिल रहीं।

# आकाश बायजूस ने कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन में रोपे 256 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**



परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए कुरुक्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस क्रम में संस्थान ने 256 छात्रों के साथ पुलिस लाइन, कुरुक्षेत्र में 256 पौधे लगाए। गौरतलब है कि कुरुक्षेत्र शाखा ने नीट, जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डीएसपी प्रदीप कुमार थे, जिनके साथ कंपनी के अन्य अधिकारी व आकाश के वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्य और छात्र भी मौजूद थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। सतत विकास का महत्व और पर्यावरण का संरक्षण कैसे करें। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

# सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में भजन गायको ने बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत** के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी के चलते मंदिर प्रांगण में हर रोज भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है जो 7 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में रोजाना शाम को बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी का गुणगान किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सुप्रसिद्ध भजन गायक सुशांत वशिष्ठ और रवि आहूजा ने श्याम बाबा, राधा रानी और ठाकुर जी के भजनों की अमृत वर्षा कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ऐसा समां बांध की सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि 7 सितंबर को मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें हर रोज भजन संध्या आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव के चलते मंदिर में भव्य एवं सुंदर दरबार सजाया गया है वहीं विशेष तौर पर जन्माष्टमी के लिए शामली से आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई है। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के दिन मंदिर में भगवान श्री कृष्णा अवतार, कालिया मर्दन, वासुदेव द्वारा यमुना पार की झांकी और भगवान श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित अन्य झांकियों के दर्शन कराए जाएंगे। इस मौके पर मंदिर प्रधान तरुण गांधी, जनरल सेक्रेटरी मनोहर सेतिया, उप प्रधान राजेश्वर गर्ग, शिव मल्होत्रा, सतीश मित्तल, ऑडिटर भारत भूषण गुलाटी, जॉइंट सेक्रेटरी मोहित मोहित जग्गा और एग्जीक्यूटिव मेंबर अंकुर सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# तीन शक्ति मंदिर में राठी ने किया जन्माष्टमी कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**भगवान श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शहर के तीन शक्ति मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने शिरकत की। नफे सिंह राठी ने रिबन काटकर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया।
इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की और शहरवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया और भगवान से सभी के लिए सुख शांति की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने पालकी यात्रा का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सदा लोगों को सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए दूसरों की मदद करने का संदेश दिया है। गीता संदेश के माध्यम से भी सामाजिक उत्थान के लिए उन्होंने भक्तों को प्रेरणा दी है।
इसलिए मनुष्य को सदा धर्म के मार्ग पर चलते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए, ताकि समाज में फैली बुराईयां व कुरीतियां दूर हो सके। राठी ने तीन शक्ति मंदिर कमेटी के सदस्यों को कार्यक्रम में 75वें आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीऔर लगातार वर्षों तक इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान शिव कुमार वर्मा, जयभगवान सैनी, लक्ष्मी नारायण वशिष्ठ, गोपाल टंडन, दीपक गुप्ता, राजेंद्र सैनी, सतपाल सैनी, त्रिलोक राणा, सुरेंद्र वर्मा, पवन कुमार, प्रदीप सैनी, मुकेश, प्र्दीप गुप्ता, पूर्ण सैनी, मोहित, दीपक रोहिल्ला, मदरुप राठी, विजय राठी आदि मौजूद रहे।
वहीं, पार्षद जितेंद्र राठी व पार्षद मोहित राठी ने भी प्राचीन सत्यनारायण मंदिर समेत अनेक मंदिरों में पहुंच कर पूर्जा अर्चना की और लोगों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए सभी के सौभाग्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सत्यनारायण मंदिर में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का भी शुभारंभ किया।



# अपोलो स्कूल में दही हांडी फोड़ कर मनाया जन्माष्टमी का त्यौहार

**त्यौहार**

**⏩ प्री नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के सभी छात्र राधा-कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में दही हांडी फोड़ कर जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर प्री नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के सभी छात्र राधा-कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे और लड्डू गोपाल के पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक झांकियां, नृत्य, लघु नाटिका आदि मंच पर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद दही-हांडी की प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें चैलेंजर सदन प्रथम रहा। प्राचार्या रजनी शर्मा ने सभी को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी।



# संपादकीय

## कश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

**जम्मू** कश्मीर की वादीयो में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैं' और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिजाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैं' पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था।

# इंडिया बनाम भारत-भारत की बात बताता हूं



किशन भावनानी

"माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। एक तरफ भारत सरकार, भारत का नाम बदलकर भारत करने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू का नाम बदल दिया है। पहले इसका नाम मिशन रानीगंज: द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू था। इस बीच बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा था, भारत माता की जय। एक केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रपति की तरफ से प्रेषित जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया"

**वैश्विक** स्तरपर भारत में बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व भंडार माना जाता है, शायद यही कारण है कि सैकड़ो वर्ष शासन करने के बाद अंग्रेजों को वापस जाना पड़ा था क्योंकि बेतहाशा बौद्धिक क्षमता के धनी स्वतंत्रता सेनानियों की अभूतपूर्व रणनीतियों से हिम्मत हारकर अपने कदम वापस ले लिए थे। खैर यह तो हमने भारत की बेसिक क्षमता बताएं, परंतु हम अभी प्रौद्योगिकी, विज्ञान, शिक्षा स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती भारतीय साख को देखें तो बौद्धिक क्षमता के बल पर ही रोज नए-नए आयामों को रचा जा रहा है। परंतु अगर हम इसी एंगल में राजनीतिक क्षेत्र पर नजर डालें तो वहां भी मानवीय बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना भरा पड़ा है। पक्ष विपक्ष के किसी भी एक्शन पर रिएक्शन जरूर देखने को मिलता है जो चौके पर छका हो जाता है, मगर दोनों पक्षों की नजर एक दूसरे की रणनीतिक क्रियाओं पर लगी रहती है, जैसे ही एक पक्ष कोई चाल चलता है तो दूसरा पक्ष फौरन उसको रेखांकित कर उस चाल की काट में मौका अपनी तरफ मोड़ने में सक्रिय हो जाता है, जो हमने अनेकों मामलों में देखे हैं। परंतु अभी कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि पक्ष को 2024 में पटकनी देने, सोची समझी रणनीति के तहत महागठबंधन बनाकर उसका नाम आई.एन.डी.आई.ए रखा गया है। बता दें कि संविधान के ड्राफ्ट सभा में प्रस्ताव आया था कि हमें ऐसी लाइन लिखना चाहिए, भारत जिसे इंडिया के नाम से भी विदेश में जाना जाता है, याने आजाद भारत में इंडिया प्राइमरी या प्रमुख नाम नहीं होना चाहिए परंतु दुर्भाग्यपूर्ण वह प्रस्ताव 38 के मुकाबले 51 वोटो से प्रस्ताव गिर गया था और बी आर अंबेडकर द्वारा लिखा इंडिया इज भारत वहीं पास हुआ था। बता दें कि विपक्ष अपनी रणनीति के तहत चुनाव में आई.एन.डी.आई.ए की टोटल लोकसभा सीटों में पक्ष से अधिक बैठ रही है, अगर इसी लाइन परआई.एन.डी.आई.एचला तो उनकी सफलता से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु जैसे मैंने पहले ही कहा कि एक्शन पर रिएक्शनजरूर आता है विचार आएगा तो उसपर विमर्श जरूर करने रास्ता निकाला जाएगा जिसपर रिजल्ट विशेष सत्र एक देश एक चुनाव, एक देश एक नाम और 9-10 सितंबर 2023 को जी20 के शिखर सम्मेलन के निमंत्रण पत्र




में द प्रेसिडेंट ऑफ भारत की ओर से निमंत्रण भेजा गया है जिसे रेखांकित करना होगा और विपक्ष ने तो अपने आई.एन.डी.आई.ए की काट के रूप में रेखांकित किया है जिसके कारण अनेकों नेताओं के बयान आए, बयानों पर पलटवार हुए और देखते ही देखते यह राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बन गया है। चौराहा गलियों मोहल्ला टीवी चैनलों पर डिबेट शुरू हो गया है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 पास आया-विपक्ष ने गठबंधन इंडिया बनाया- पक्ष ने जवाब भी अवसर भारत शब्द पर फोकस लगाया। साथियों बात अगर हम भारत शब्द के तूल पकड़ने और सियासत होने की करें तो, दरअसल राष्ट्रपति की ओर से 9 सितंबर को जी-20 कार्यक्रम के दौरान भारत मंडपम मेंआयोजित होने वाले डिनर के निमंत्रण पत्र में द प्रेसिडेंट ऑफ भारत की ओर से न्योता भेजा गया है। इसी निमंत्रण पत्र पर छपे भारत शब्द को लेकर अब सियासत होने लगी है।

राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि सरकार देश के नाम पर भी हमला कर रही है। विपक्षी पार्टी नेता ने कहा कि जब संविधान के अनुच्छेद एक में कहा गया है भारत जो की इंडिया था वह राज्यों का संघ है,तो उसमें इंडिया शब्द को क्यों हटाया जा रहा है। हालांकि दूसरे नेता कहते हैं कि जब संविधान में इंडिया और भारत दोनों का जिक्र है, तो इसमें संवैधानिक तौर पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। लेकिन इस नाम को लेकर सिर्फ मुख्य पार्टी ही नहीं बल्कि पक्ष नेताओं की ओर से भी बाकायदा भारत के समर्थन में ट्वीट और बयान दिए जा रहे हैं। क्या अब अपने देश को इंडिया के नाम की बजाय भारत के नाम से ही प्रचलित किया जाएगा ? राजनीतिक गलियारों में कहा यही जा रहा है कि आने वाले संसद के विशेष सत्र में देश को आधिकारिक तौर पर रिपब्लिक ऑफ भारत कहे जाने वाले प्रस्ताव को पास कराया जा सकता है। लेकिन संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि देश के संविधान में इंडिया, दैट इज भारत' का पहले से ही जिक्र है। इसलिए इंडिया और भारत यह दोनों नाम संविधान में दर्ज हैं और एक दूसरे के पर्यायवाची हैं संविधान विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में बदलाव तकरीबन नामुमकिन जैसा ही है। वहीं देश के सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि इंडिया को आधिकारिक तौर पर भारत पुकारे जाने से क्या सत्ताधारी पार्टी को कोई बड़ा सियासी लाभ मिलसकता है या नहीं? पूरे देश में इस समय इंडिया बनाम भारत की डीबेट तूल पकड़ रही है।

माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। एक तरफ भारत सरकार, भारत का नाम बदलकर भारत करने की योजना बना रही है वहीं दूसरी तरफ अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू का नाम बदल दिया है। पहले इसका नाम मिशन रानीगंजः द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू था।इस बीच बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा था, भारत माता की जय। एक केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रपति की तरफ से प्रेषित जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर साझा किया, जिसमें उनको प्रेसिडेंट ऑफ भारत के रूप में संदर्भित किया गया है। इस कदम से विपक्ष के उस आरोप को बल मिला है कि सरकार देश का नाम केवल भारत करने और इंडिया नाम हटाने की योजना बना रही है।

साथियों बात अगर हम इंडिया बनाम भारत की डिबेट के तूल पकड़ने की करें तो, पूरे देश में इस समय इंडिया बनाम भारत की डीबेट तूल पकड़ रही है। माना जा रहा है सरकार जल्द ही संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम बदल कर परमानेंट भारत करने वाली है। राजनीतिक गलियारों में कहा यही जा रहा है कि आने वाले संसद के विशेष सत्र में देश को आधिकारिक तौर पर 'रिपब्लिक ऑफ भारत' कहे जाने वाले प्रस्ताव को पास कराया जा सकता है। वहीं देश केसियासी गलियारों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि इंडिया को आधिकारिक तौर पर भारत पुकारे जाने से क्या सत्ता धारी पार्टी को कोई बड़ा सियासी लाभ मिल सकता है या नहीं।

साथियों बात अगर हम इंडिया बनाम भारत मुद्दे पर संविधान विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के विचारों की करें तो, हालांकि संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिया और भारत के नाम को लेकर किसी तरीके का कोई संवैधानिक विवाद नहीं है। एक प्रोफेसर कहते हैं कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 कहता है, इंडिया जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। ऐसे में इंडिया और भारत के नाम के इस्तेमाल को लेकर संवैधानिक रूप से कोई संकट नहीं है। वह कहते हैं कि अगर इसके सियासी मायने तलाशे जाएंगे तो निश्चित तौर पर राजनीतिक टकराहट बढ़ेगी।

वह कहते हैं कि यह पहला मौका नहीं है जब भारत का नाम इस तरह से इस्तेमाल किया गया। ऐसे पहले भी कई मौके आए जब इंडिया की जगह पर भारत के नाम का जिक्र हुआ। जब संविधान में इसका जिक्र है कि फिर इस तरीके के निमंत्रण पर होने वाले विवाद का मतलब महज सियासी ही माना जा सकता है।

# कविता

## मैंने कभी ईश्वर को नहीं देखा

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां मैं मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।

फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।

फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है

संजीव

## भूलने की अवस्था पर कैसे काबू पाएं

**विजय गर्ग**

**हम** यह भी जानते हैं कि जिस क्रम में जानकारी प्रस्तुत की जाती है वह बहुत मायने रखता है जब यह बात आती है कि हम इसे अपनी अल्पकालिक मेमोरी में कितने समय तक संग्रहीत करते हैं, इसलिए ऐसे कई कारक हैं जो मेमोरी पुनर्प्राप्ति और अवधारण की हमारी क्षमता पर निर्भर करते हैं।

**अंतराल दोहराव के साथ भूलने की अवस्था को हराएँ:** जानकारी को बेहतर ढंग से बनाए रखने के लिए आप जिस पहली रणनीति का उपयोग कर सकते हैं उसे अंतराल पुनरावृत्ति कहा जाता है, एक साक्ष्य-आधारित तकनीक जो शिक्षार्थियों को जानकारी के कई टुकड़ों को अवशोषित करने और उन्हें उनकी स्मृति में संग्रहीत करने में मदद करती है। मूलतः, आपको सामग्री का कई बार अध्ययन करना होगा, प्रत्येक समीक्षा के बीच स्वयं को स्थान देना होगा। आप सामग्री का अध्ययन किए बिना कितना समय बिताते हैं यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे पहले से ही कितनी अच्छी तरह याद कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, किसी कठिन कक्षा के नोट्स की समीक्षा उस कक्षा के नोट्स की समीक्षा करने की तुलना में अधिक बार की जानी चाहिए जहां आपको वास्तव में अवधारणाएं मिलती हैं। व्यक्तिपरक रूप से यह निर्णय लेने के बजाय कि आप जानकारी को बनाए रख रहे हैं और इसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है या नहीं, लीटनर प्रणाली का उपयोग करने का प्रयास करें, जो आपको पिछली बार किसी विशेष फ़्लैशकार्ड का सही ढंग से उत्तर देने के आधार पर अपने अध्ययन को शेड्यूल करने में मदद करता है।

व्यस्त सीखने के साथ भूलने की अवस्था को हराएँ

शिक्षण संसाधन अनुशंसा करते हैं कि शिक्षक बच्चों को भूलने की प्रवृत्ति को दूर करने में मदद करने के लिए पाठों को अधिक आकर्षक बनाने के तरीकों का उपयोग करें, लेकिन आप उसी विचार को अपने व्यक्तिगत अध्ययन पर लागू कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, जब आप नई जानकारी पढ़ रहे हों, तो ऐसी तकनीकों का उपयोग करें जो आपको सामग्री में तल्लीन रहने में मदद करें। उदाहरण के लिए, कोल्ब के सीखने के चक्र के लेंस के माध्यम से नई जानकारी की जांच करने का प्रयास करें, जो इस विश्वास पर निर्भर करता है कि वास्तव में कुछ सीखने के लिए आपको ठोस सीखने, चिंतनशील अवलोकन, अमूर्त अवधारणा और सक्रिय प्रयोग की आवश्यकता है। या किसी विषय पर अपनी प्रगति को ट्रैक करने के लिए रद3फजैसी आलोचनात्मक-सोच पद्धति का उपयोग करें। रद3फके साथ, आप सामग्री की समीक्षा से जो कुछ भी एकत्र कर सकते हैं उसे थोड़ा लिखेंगे, फिर उन प्रश्नों को लिखेंगे जिनका उत्तर आप इसे अधिक गहनता से पढ़ते समय देना चाहते हैं, ताकि आप आगे बढ़ने के साथ-साथ खोज में लगे रहें। आपके प्रश्नों के उत्तर. तकनीक आपको समय-समय पर अपने नोट्स की समीक्षा करने के लिए भी कहती है, जो अंतराल पुनरावृत्ति के साथ बिल्कुल फिट बैठता है।

# विचार

## बड़ी ढीठ है भारतीय जन के मन की चिरैया

जिस काम को करने के लिए मना किया जाता है, उसी को नियमों का उल्लघंन कर, कार्यरूप देना, मानवीय प्रवृत्ति है। आजकल भारतवासियों में तो इस प्रवृत्ति का विकृत रूप मिलता है। 'नो पार्किंग' वाले स्थान पर अपने वाहनों को खड़ा करना तो जैसे आम बात है। जो न केवल सड़कों पर अनावश्यक बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बनते हैं। भारत में "नो पार्किंग" जोन में वाहनों की पार्किंग एक आम समस्या है और इससे कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। "नो पार्किंग" जोन में अनधिकृत पार्किंग यातायात के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे भीड़भाड़ होती है। अवैध रूप से पार्क किए गए वाहन ब्लाइंड स्थल बनते हैं और पैदल चलने वालों और अन्य वाहनों की दृश्यता में बाधा उत्पन्न करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। जब लोग "नो पार्किंग" जोन में पार्क करते हैं तो कानूनी पार्किंग स्थान कम हो सकते हैं, जिससे उन लोगों के लिए असुविधा हो सकती है जिन्हें पार्किंग स्थल खोजने की आवश्यकता होती है। भारत में यातायात संकेतों का जानबूझकर उल्लंघन, जैसे लाल बत्ती चलाना या यातायात नियमों की अवहेलना भी भारतीय जनमानस की आदत में शुमार हो चला है सकता है। कुछ चालक अधीरता या समय बचाने की इच्छा के कारण जानबूझकर यातायात संकेतों का उल्लंघन करते हैं। अति आत्मविश्वास वाले ड्राइवर यह मानते हैं कि वे सिग्नल बदलने की प्रतीक्षा किए बिना चौराहों पर सुरक्षित रूप से निकल सकते हैं । कुछ व्यक्ति जोखिम भरे ड्राइविंग व्यवहार में संलग्न होते हैं, जानबूझकर यातायात संकेतों की अनदेखी करते हैं, यह विश्वास करते हुए कि वे पकड़े नहीं जाएंगे । अतः इस बात पर जोर देना अब महत्वपूर्ण हो चला है कि भारतीय जनमानस के मन में यह बात बिठाई जाए कि यातायात संकेतों का जानबूझकर उल्लंघन अवैध है और चालक, यात्रियों, पैदल यात्रियों और अन्य सड़क उपयोगकताओं के लिए सुरक्षा जोखिम पैदा करता है। शिक्षा और जागरूकता अभियान ही जानबूझकर उल्लंघन को हतोत्साहित करने और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार के ढीठपन को बदल पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी तरह आम भारतीय जनमानस की एक अन्य आदत यह भी विकसित हो चली है जिसमें अस्पताल, विद्यालय वगैरह संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास जहां हार्न का प्रयोग निषेध होता है, अक्सर उन्हीं क्षेत्रों में हार्न का खुलकर प्रयोग किया जाता है। नतीजतन विद्यार्थियों की पढ़ाई में तो विघ्न पड़ता ही है, जीवन और मौत से जूझ रहे मरीजों के लिए भी यह घातक सिद्ध होता है। इसी तरह लाउडस्पीकर का दुरुपयोग भी आम बात है। भले ही सार्वजनिक उत्सव हो या धार्मिक अथवा चुनावी माहौल, लाउडस्पीकरों से ध्वनि प्रदूषण करना अपनी शान समझा जाता है।

भारत में लाउडस्पीकर का उपयोग स्थानीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण कानूनों और दिशानिदेर्शों द्वारा नियंत्रित होता है। कई स्थानों पर, शोर की गड़बड़ी को कम करने के लिए, विशेष रूप से रात के समय और आवासीय क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध है। हालाँकि, धार्मिक त्योहारों, राजनीतिक रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान, लाउडस्पीकरों का अक्सर बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है, जिससे कभी-कभी ध्वनि प्रदूषण संबंधी चिंताएँ और विवाद होते हैं। नियम और प्रवर्तन अलग-अलग राज्यों और शहरों में अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए आयोजनों के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग करते समय स्थानीय नियमों से अवगत होना और आवश्यक परमिट प्राप्त करना आवश्यक है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक समारोहों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया था। हालाँकि, न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण को कम करने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार्मिक त्योहारों और समारोहों के दौरान लाउडस्पीकर के उपयोग को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश और निर्देश जारी किए हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## चलो चांद के पार चले

**रेखा शाह आरबी**

**यह पुरुष** जगत सदा से स्त्री को कमअक्ल समझता चला आ रहा है। और स्त्रियों को बेवकूफ बनाता चला आ रहा है । स्त्रियां भी अपने भोलेपन में बेवकूफ बनती चली आ रही है। पुरुष हमेशा से स्त्रियों को चांद की उपमा दे देकर उन्हें बहलाता फुसलाता रहा है । और स्त्रियां उसे तारीफ समझ-समझ कर फुल कर कुप्पा होती रही इतरातीं इठलाती रही है। चांद की उपमा पा-पाकर अपने को धन्य भाग समझती रही। पर सच ही कहा गया है ...सब दिन ना होत एक समाना, झूठ की मटकी एक दिन फूटनी ही थी और सच्चाई एक न एक दिन सामने आ ही जाती है अब चांद की सच्चाई पूरी दुनिया के सामने है। अब जब से इसरो के वैज्ञानिकों ने चांद की कलई पूरी दुनिया के सामने खोल कर रख दी है कि ..चांद में कुछ भी सुंदर सलोना नहीं है चांद में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे स्त्रियां अपनी तुलना उससे होने पर प्रसन्नता महसूस कर सके। अपने सौंदर्य को विशेष महसूस कर सके। बल्कि चंद्रमा पर तो ऊबड -खाबड़ , गड्ढे -सडढे बने हुए हुए है तो स्त्रियों को 440 वोल्ट का झटका लगा और लग चुका है । कुछ तो चांद की सच्चाई जानकर कोमा में भी जा चुकी है कि.. यह क्या सोचा था और क्या निकला जिस तारीफ को वह गुलाब का फूल समझती थी वह तो सड़ा हुआ गोबी का फूल निकल चुका है। कुछ देवियों को तो इतना गहरा सदमा लगा है कि चांद का चांद का नाम सुनते ही अनासाय ही चेहरे पर हाथ उनका चला जा रहा है कि सच में कोई पिंपल या डार्क स्पॉट तो नहीं है । स्त्रियों का दिल टूट चुका है चंद्रमा की सच्चाई जानकर और सबसे ज्यादा उन्हें गुस्सा उन पुरुषों पर आ रहा है जो उन्हें चांद कह कर और चांद सा मुखड़ा कहकर उन्हें बहलाते फुसलाते थे। पुरुषों के समक्ष भी बहुत ही गंभीर और एक विशाल समस्या आन पड़ी है अब वह किस चीज की उपमा देकर स्त्री जगत को प्रसन्न रखेंगे । पुरुष जगत को बहुत पहले से यह ज्ञात है की स्त्री को चाहे सच या झूठ उसके सुंदरता की प्रशंसा करके ही उसको प्रसन्न रखा जा सकता है । दुनिया की किसी भी कोने की स्त्री हो उसे अपने सुंदरता की प्रशंसा सुनना सर्वाधिक पसंदीदा काम है।

## नंगा सिंह का फैशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अर्थशास्त्र** के अनुसार किसी वस्तु की अति हो जाती है तो तब वह पतन की ओर जाती है। आदिम युग में रहने वाला आदमी नंगा था। लोक लाज के ख्याल से पत्ते, फिर जानवर के चमड़े, फिर कपड़े पहनने लगा। अब एकदम उल्टा होने लगा है। बआज का फैशन सफलता की ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए कमर की अंतिम नीचाइयों पर चमत्कारिक रूप से टिका हुआ है। की-यारा से लेकर दी-पिका तक की कमर के अंतिम छोर पर एक रेखा होती है जिसे सिनेमाई शहर में एलओसी कहा जाता है।

जैसे गरीबी की रेखा होती है लेकिन दिखाई नहीं देती वैसे ही फैशन की भी रेखा होती है जो कितनी भी आंखें फाड़ लो, दिखाई नहीं देती है। एलओसी एक आभासी रेखा होती है सुधिजन जिसकी कल्पना करते पाए जाते हैं। साहब नंगा सिंह का टेंशन इसी एलओसी से शुरू होता है। नंगा जी को चिंता तो तभी होने लगी थी जब देश में लड़किया नंगी घुमाई जा रही थीं। लेकिन अब तो कपड़े की जरूरत ही नहीं है। टीवी खोलते ही नंगा जी का चेहरा तमतमाने लगता हैं। उस पर नंगा जी का दीदे फाड़ कर बार-बार देखना हीराइनों का जीना हराम कर दिया है। पता नहीं फैशन करता हैं या जादू !! मुए लड़कियाँ हय-हय, अश-अश करते बस बेहोश ही नहीं हो रहे हैं। जी चहता है कि सच्चे आशिक मजनू को पत्थरों से मारकर हिसाब बराबर कर लें बेवफाओं से। लेकिन मजबूरी ये कि बस नहीं चलता किसी पर। पिछले दिनों नंगा सिंह ने असंभव होने के बावजूद जब एलओसी को नीचे की ओर पूरा सरका दिया तो हीरों को छोड़ो हीरोइनों का धंधा चौपट होने लगा था। डाक्टर ने आदतन सवाल किया कि आपको किस बात का टेंशन है? जवाब में उनके टेंशन का लावा बह निकला - हवा-पानी के असर से कभी कभी पहाड़ भी भरभरा कर गिर जाते हैं।

किसी दिन लगातार सिक्स पैक बनता जा रहा बदन धोखा दे गया तो टीवी वाले महीनों तक, बल्कि तब तक दिखाते रहेंगे तब तक कि देश की पूरी एक सौ चालीस करोड़ जनसंख्या की दो सौ अस्सी करोड़ आंखें तृप्त नहीं हो जातीं। हमारी सरकार किसी सिक्स पैक की रक्षा नहीं कर पा रही है !! क्या होगा देश का ?

## नेपाल के पूर्व मंत्री पर खुकुरी से जानलेवा हमला, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**काठमांडू।** सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के सह महासचिव एवं पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर जानलेवा हमला किया गया है। यादव की गर्दन पर धारदार खुकुरी से प्रहार किया गया। खून से लथपथ यादव को तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। काठमांडू के रिपोर्टर्स क्लब में पत्रकारों के साथ वार्ता के बाद बाहर निकलते ही उन पर जानलेवा हमला हुआ है। काठमांडू पुलिस के एसपी कुमुद ढुंगेल ने बताया कि करीब 45 वर्षीय श्याम सापकोटा ने पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर खुकुरी से प्रहार किया है। हमले का कारण पता नहीं चल पाया है। हमलावर सापकोटा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गर्दन पर गहरे घाव के कारण



महेन्द्र यादव को ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रख कर इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अवस्था गम्भीर है।

## कार्यस्थल पर लापरवाही से ली एक की जान, भारतीय मूल के व्यक्ति को हुई जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को कार्यस्थल पर लापरवाही के आरोप में 18 सप्ताह जेल की सजा सुनाई है। बता दें कि भारतीय मूल के कर्मचारी की गलती से एक भयानक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को अगस्त महीने की एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया कि एशियाबिल्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले अलगप्पन गणेशन को 7 जुलाई 2022 की घटना के लिए 15 अगस्त को सजा सुनाई गई।

दरअसल 7 जुलाई 2022 को गणेशन एक कार पार्किंग में भारी समान उठाने वाली फोर्कलिफ्ट का संचालन कर रहा था। उसी कार पार्किंग में उसके सहयोगी कुंजप्पा मुकेश और एक अन्य केबल बिछाने का काम कर रहे थे। केबल के फोर्कलिफ्ट के नीचे आकर कुचलने से रोकने के लिए कुंजप्पा और उसके साथ काम कर रहे एक अन्य कर्मचारी ने केबल को फोर्कलिफ्ट के ऊपर से फेंककर दूसरी तरफ फेंकने की कोशिश की लेकिन केबल फोर्कलिफ्ट की छत पर अटक गया।

इस पर कुंजप्पा ने फोर्कलिफ्ट की छत पर जाकर केबल हटाने की कोशिश की तो गणेशन ने लापवाही में मशीन को रिवर्स चलाना शुरू कर दिया, जिससे कुंजप्पा फोर्कलिफ्ट की छत और बीम में फंसकर बुरी तरह घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान कुंजप्पा की मौत हो गई। मंत्रालय ने बताया कि गणेशन को कार्यस्थल पर लापरवाही का दोषी पाया गया। जिसके चलते उसे सजा सुनाई गई।

## सुनक बोले- मुझे हिंदू होने पर गर्व, मेरा भारतीयों से हमेशा जुड़ाव रहेगा

**बोगोटा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कई बार भारत और हिंदू धर्म को लेकर बयान दे चुके हैं। एक बार फिर उन्होंने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि 'मेरी पत्नी भारतीय हैं और एक गौरवान्वित हिंदू होने के नाते, मेरा हमेशा भारत और भारत के लोगों से जुड़ाव रहेगा। मुझे अपनी भारतीय जड़ों और भारत से अपने संबंधों पर बेहद गर्व है'।

आगे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि दुनिया के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए हम जी20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 2023 भारत के लिए बहुत बड़ा साल है। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के साथ मेरी मुलाकात वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर है, और उन्हें संबोधित करने में यूके और भारत को बड़ी भूमिका निभानी है।

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अपने मंत्रियों से कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत प्रगति पर है और ब्रिटेन सिर्फ उस समझौते पर सहमत होगा जो पूरे देश के लिए काम करेगा। सुनक ने कहा, भारत आर्थिक रूप से और सभी लोकतंत्रों के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों से निपटने में ब्रिटेन का एक अपरिहार्य भागीदार है। उन्होंने भारत-ब्रिटेन संबंधों की मजबूती पर जोर दिया। हाल में, खालिस्तान समर्थकों ने भारत के विदेशों में स्थित उच्चायोग को निशाना बनाया था। लंदन में कई बार ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जब पीएम सुनक से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पुलिस हिंसक कृत्यों से निपटने के लिए पूरी तरह सशक्त है।

# दिल्ली से दिली तक: दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश तिमोर-लेस्ते में खुलेगा भारतीय दूतावास

**जकार्ता।** भारत ने अपनी एक्ट ईस्ट नीति पर अमल करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश तिमोर-लेस्ते में भारतीय दूतावास खोलने का फैसला किया है। इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह घोषणा की।



इंडोनेशिया के जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह पहुंचे। सम्मेलन में उन्होंने तिमोर-लेस्ते के दिली में भारतीय दूतावास खोलने की घोषणा की। इस फैसले का तिमोर-लेस्ते और आसियान के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस फैसले को भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप बताया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इस फैसले को आसियान देशों के लिए महत्वपूर्ण करार दिया। यह फैसला इस बात का प्रतिबिंब है कि भारत आसियान को कितना महत्व देता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस फैसले को एक्ट ईस्ट इन एक्शन- दिल्ली टू दिली के रूप में परिभाषित किया।

बाद में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आसियान नेताओं से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने कहा कि आसियान-भारत शिखर सम्मेलन बेहतर भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और सहयोग का प्रमाण है। हम भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं, जिससे मानव प्रगति में वृद्धि होगी। एक अन्य ट्वीट में भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि जकार्ता में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान मानव सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई।

# बांग्लादेश सरकार तुर्किए से 90 हजार आंसू गैस के गोले खरीदने जा रही है

**ढाका।** बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार तुर्किए से 90 हजार आंसू गैस के गोले खरीदने जा रही है। संयुक्त सचिव की अगुवाई में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल तुर्किये के आंसू गैस गोले तैयार करने वाले कारखानों का दौरा कर उनकी प्रभावशीलता की जांच के लिए वहां गया हुआ है।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक बांग्लादेश के 12वें राष्ट्रीय चुनाव से पहले सरकार विरोधी आंदोलन तेज हो गया है। अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार को आशंका है कि आंदोलन के नाम पर उनके विरोधी 2013-2015 जैसी अराजक स्थिति की पुनरावृत्ति कर सकते हैं। जिनसे निबटने के लिए सरकार ने हर स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिसमें पुलिस सतर्कता के साथ-साथ आंसू गैस के गोले खरीदे जाने की तैयारी है।

गौरतलब है कि सरकार विरोधी आंदोलन में शामिल दर्जन



भर से अधिक राजनीतिक दल, राष्ट्रीय चुनाव से पहले प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और एक तटस्थ अंतरिम प्रशासन की मांग को लेकर सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अगुवाई वाले विपक्षी गुट की दूसरी प्रमुख मांगों में बीएनपी अध्यक्ष व पूर्व प्रधान खालिदा जिया की बिना शर्त रिहाई व बीएनपी नेताओं के खिलाफ चल रहे तमाम मामलों को वापस लिया जाना शामिल है। इनका आरोप है कि बीएनपी के करीब 45 लाख समर्थकों के खिलाफ राजनीति से प्रेरित 135000 से अधिक कानूनी मामले चल रहे हैं।

दूसरी ओर सरकार को आशंका है कि विपक्षी दल उसी तरह की तोड़फोड़ व अराजक स्थिति दोबारा पैदा कर सकते हैं जो 2013 में आंदोलन के नाम पर की गई थी। गृह मंत्रालय को इस दौरान धार्मिक कट्टरपंथी गुटों और आतंकी समूहों की सक्रियता की भी आशंका है। जिससे देश के हालात दोबारा खराब हो सकते हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अपने स्तर पर तमाम तैयारियों के साथ पिछले चुनाव से पूर्व और बाद में अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच और सुनवाई में तेजी लाने का आदेश दिया है। साथ ही गैस के गोले की खरीद से पहले संयुक्त सचिव एसएम फिरदौस की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल तुर्किये भेजा गया है जो वहां के कारखानों का दौरा कर उनकी प्रभावशीलता की जांच करेगा।

## इंडोनेशिया में रूस के विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर



**जकार्ता।** पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से भेंट की एवं जी20 से संबंधित मुद्दों के साथ ही द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि जकार्ता में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग का जायजा लिया। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और जी20 मुद्दों पर चर्चा की।' इससे पहले, दोनों नेताओं ने अगस्त के अंत में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान जोहानिसबर्ग में मुलाकात की थी। विदेश मंत्री लावरोव 9 और 10 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जतायी थी। आसियान शिखर सम्मेलन से संबंधित बैठकों में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से भी मुलाकात की और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और जी20 शिखर सम्मेलन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# जापान भी चला चांद की ओर, जाक्सा ने लॉन्च किया मून स्पाइनर

**-पिछले माह तीन बार टालने के बाद मिली सफलता**

**टोक्यो।** भारत के बाद अब जापान भी चांद की ओर चल दिया है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने गुरुवार को जापान का बहुप्रतीक्षित मून मिशन 'मून स्नाइपर' लॉन्च किया। पिछले महीने एक सप्ताह के भीतर तीन बार यह मिशन टालने के बाद नाक्सा को चौथी बार लॉन्चिंग में सफलता मिली है।

नॉक्सा ने जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-2ए रॉकेट से एक लैंडर भेजा है, जिसके चार से छह महीने में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। जाक्सा की ओर से जानकारी दी गयी कि लॉन्च के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो आकाशगंगाओं के बीच स्थित



चीजों की गति और संरचना को मापेगा। इससे मिली जानकारी यह अध्ययन करने में मदद करेगी कि आकाशीय पिंडों का निर्माण कैसे हुआ। साथ ही उम्मीद है कि ब्रह्मांड का निर्माण कैसे हुआ, इस रहस्य को सुलझाने में भी मदद मिल सकती है।

राइस स्पेस इंस्टीट्यूट के निदेशक डेविड अलेक्जेंडर ने कहा कि यह मिशन गर्म प्लाज्मा या ब्रह्मांड के अधिकांश हिस्से को बनाने वाले अत्यधिक गर्म पदार्थ के गुणों के बारे में जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण है। प्लाज्मा का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें घावों को ठीक करना, कंप्यूटर चिप्स बनाना और पर्यावरण को साफ करना शामिल है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच गोलीबारी, तोरखम बॉर्डर सील

**इस्लामाबाद/काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जोरदार गोलीबारी से सीमा पर तनाव बढ़ गया है। इस कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान को जोड़ने वाला तोरखम बॉर्डर सील कर दिया गया है। इससे दोनों देशों के बीच तोरखम बॉर्डर से आवाजाही ठप हो गई है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानी तालिबान लड़ाकों के बीच जबर्दस्त गोलीबारी हो रही है। सीमा पर एक चेकपोस्ट के निर्माण को लेकर विवाद के कारण पाकिस्तानी सेना और तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी शुरू हुई, जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। गोलीबारी लगातार जारी रहने के कारण मंगलवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर को सील कर दिया गया है। तोरखम सीमा चौकी सील किये जाने से आवाजाही बंद हो गयी है। अधिकारी यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि सीमा फिर से कब खुलेगी।

तोरखम सीमा चौकी अफगानिस्तान के जलालाबाद से



लगभग 69 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व और पाकिस्तान के पेशावर से लगभग 42 किमी पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में है।

आए दिन वहां होने वाले विवाद को देखते हुए माना जा रहा है कि सीमा के आसपास अवरोधक स्थापित करने के साथ अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा समग्र रूप से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की बात भी सामने आई है। फिलहाल इस गोलीबारी के कारण परिवहन और व्यापार में व्यवधान की संभावना है। चेकपॉइंट के माध्यम से माल परिवहन करने वाले व्यापारियों को सामान की आवाजाही में विलंब का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा स्थितियों से अफगान और पाकिस्तानी बलों के बीच आगे भी झड़पें संभव हैं, जिससे अतिरिक्त सीमा बंद होने की संभावना भी जताई गयी है।

# 'कैपिटल हिल के उपद्रवियों को माफ कर दूंगा', राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामास्वामी ने न्यायपालिका को कोसा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। अब विवेक रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जीत जाते हैं तो वह 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के आरोपियों को माफ कर देंगे। विवेक रामास्वामी ने इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी माफ करने की बात कही थी और कहा था कि ट्रंप के खिलाफ चल रहे मुकदमे राजनीति से प्रेरित हैं। विवेक रामास्वामी ने अमेरिका की न्याय व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका में अब दो स्तरीय न्याय व्यवस्था है। जिसमें एंतिफा और बीएलएम के दंगाई खुले घूम रहे हैं, जबकि छह जनवरी को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले लोगों को बिना जमानत जेल



में डाल दिया गया है। बाइडन सरकार के अन्याय विभाग ने 1000 से अधिक शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है, जो हमारी न्याय व्यवस्था के आधारभूत सिद्धांतों पर काला धब्बा है। रामास्वामी ने कहा कि इस देश को एकजुट करने के लिए बतौर राष्ट्रपति मैं उन सभी अमेरिकी नागरिकों को माफ कर दूंगा, जिन्हें राजनीतिक संघवाद के चलते निशाना बनाया गया और जिन्हें प्रक्रिया के खिलाफ जाकर प्रताड़ित किया गया। इनमें 6 जनवरी 2021 के सभी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी शामिल हैं, जिन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करने की भी अनुमति नहीं दी गई।

**क्या है 6 जनवरी 2021 का विवाद**

बता दें कि अमेरिकी संसद और उसके आसपास के इलाके को कैपिटल हिल कहा जाता है। अमेरिका में 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेट नेता जो बाइडन के सामने हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। इसके बाद छह जनवरी 2021 को करीब दो हजार लोग कैपिटल हिल इलाके में एकजुट हुए और आरोप है कि ट्रंप के उकसावे वाले बयान के बाद भीड़ ने कैपिटल हिल पर हमला बोल दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी बैरिकेड तोड़कर अमेरिकी संसद में घुस गए। घटना के समय कई बड़े नेता और अधिकारी कैपिटल हिल में मौजूद थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह प्रदर्शनकारियों को कैपिटल हिल से बाहर निकाला।

**ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं**

बता दें कि विवेक रामास्वामी इससे पहले अपने एक बयान में डोनाल्ड ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं। रामास्वामी ने कहा था कि अगर डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनते हैं तो मैं डोनाल्ड ट्रंप को वोट दूंगा लेकिन अगर मैं राष्ट्रपति बनता हूं तो मैं देश को एकजुट रखने के लिए ट्रंप को माफ कर दूंगा। विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा देखा जा रहा है और यही वजह है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप के बाद सबसे ज्यादा 15 फीसदी समर्थन विवेक रामास्वामी को मिला है।

# कोविड-19 के इलाज के दौरान बदल गया बच्चे के आंखों का रंग

**बैंकॉक।** कोविड-19 के इलाज के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमे मेडिकल साइड इफेक्ट के कारण बच्चे के आंखों का रंग ही बदल गया। दरअसल, यह घटना थाईलैंड की है, जहां एक छह महीने बच्चे को एक दिन बुखार और खांसी के बाद उसमें कोविड के लक्षण मिले। इसके बाद बच्चे को तीन दिन के लिए फेविपिराविर दवाई दिया गया, जिससे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आया।

हालांकि, इलाज के 18 घंटे बाद बच्चे की मां ने देखा कि उसके बच्चे की आंखो का रंग बदल गया।

बच्चे के आंखों का रंग हल्का भूरा था जो इलाज के बाद नीले रंग में बदल गया। इसे देखते हुए डॉक्टर ने इलाज रोक दिया और फेविपिराविर को पांच दिन तक बंद करने के बाद बच्चे के आंखो का रंग फिर से अपने मूल रूप में आ गया।

बाल रोग विशेषज्ञों ने



फेविपिराविर के कारण आंखों के रंग में हुए बदलाव के बाद थेरेपी बंद करने की सलाह दी। इसके बंद करने के पांच दिन बाद कॉर्निया अपने मूल रूप में आ गया। साल 2021 में भारत में भी एक ऐसी घटना सामने आई थी, जहां फेविपिराविर के कारण 20 वर्षीय एक व्यक्ति की गहरे भूरे रंग की आंखें चमकीली नीले रंग में बदल गई थी। साल 2022 में थाईलैंड की सरकार ने कोविड-19 के इलाज के लिए इसके इस्तेमाल की अनुमति दी थी। इसे बच्चों में हल्के से मध्य लक्षणों के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है।

# जकार्ता में क्करूमोदी को देखने उमड़ी भारी भीड़, 'वी लव मोदी' के नारों से गूंज उठा शहर

**जकार्ता ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह इंडोनेशिया के जकार्ता पहुंचे। जैसे ही वह जकार्ता हवाईअड्डे के बाहर आए वैसे ही प्रवासी भारतीयों की भीड़ लग गई। सभी ने पीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरा शहर मोदी-मोदी और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

दरअसल, पीएम मोदी 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए जकार्ता गए हैं। वह गुरुवार करीब साढ़े चार बजे जकार्ता पहुंचे, जहां उनका स्वागत सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि, बूढ़ों और बच्चों ने भी किया।

पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे लोग शान से तिरंगा लहरा रहे थे। पीएम मोदी ने भी प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। लोगों का कहना है कि पीएम मोदी के इंडोनेशिया आने से बहुत खुशी मिली है।

**सांस्कृतिक नृत्य करके स्वागत**

इसके बाद पीएम मोदी जकार्ता के होटल पहुंचे, जहां पर भारतीय और इंडोनेशियाई समुदाय के लोगों ने सांस्कृतिक नृत्य करके उनका स्वागत किया। पीएम मोदी से हाथ मिलाने के लिए हर कोई उत्सुक था। वहीं, पीएम ने भी होटल में एकत्र हुए प्रवासी भारतीयों का अभिवादन किया।

**वी लव मोदी**

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और उनके स्वागत करने को लेकर इंडोनेशियाई समुदाय के लोगों में भी अलग चमक देखने को मिली। लोगों ने कहा कि हम इंडोनेशिया से हैं, लेकिन भारत से प्यार करते हैं। हम पीएम मोदी से मिलने और इंडोनेशिया में उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 08 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# यूपीः निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

## 3 महीने का डेडलाइनः प्रदेश में अब भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश, योगी सरकार ने दिए सभी के संरक्षण का निर्देश

शांति

~~मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई~~



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार ने प्रदेश में अगले 3 माह के अंदर निराश्रित गोवंश के संरक्षण के आदेश दिए हैं। बीते दिनों आगरा, सुल्तानपुर एवं पीलीभीत जैसे जनपदों में हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी घटनाओं की आगे पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि सरकारी आंकड़ों में अभी भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश होने की जानकारी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने सभी के संरक्षण के निर्देश जारी किए हैं।

**घटनाओं की न हो पुनरावृत्तिः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बैठक में कहा कि अगले 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए। साथ ही घटनाओं की पुनरावृति न हो। पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में संरक्षित गोवंशों में पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाए। बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 सितम्बर तक खुले पशुओं को संरक्षित कर लिया जाए। जनपद हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बदायूं आदि की सड़कों एवं नदियों के किनारों पर बहुत अधिक संख्या में गोवंश का विचरण होता है। शहरों में भी मंडियों के समीप एवं कालोनियों में गोवंश विचरण करते हैं। नगर आयुक्त और अधिशाषी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। नए अस्थायी गो- आश्रय स्थलों की स्थापना की सूचना तत्काल प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम तक सतत अनुश्रवण एवं पोर्टल का प्रयोग सुनिश्चित हो।

### गोवंश को गोद लेंगे शहरवासी

**गौ ग्रास** सेवा योजना के तहत गो प्रेमियों को गोवंश को गोद देने का अभियान चलेगा। जो भी गोद लेगा उन्हें मासिक या वार्षिक शुल्क देना होगा। 600 रुपए मासिक और 7200 प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित किया है। जो भी पैसा इक्ट्ठा होगा इससे गोवंश के लिए गुड़, सेंधा नमक, चोकर, हरा चारा आदि के इंतजाम किए जाएंगे। नगर निगम नदौसी में गौशाला का संचालन कर रहा है। जिसमें 1130 गोवंश हैं। इन गोवंशों को रोजाना 318 कुंतल चारा, 687 कुंतल भूसा और 10 दिन में 2300 कुंतल चोकर खिलाया जाता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कैटल कैचर आपरेशन चलाएंः** मुख्य सचिव ने कहा कि नदियों के किनारे हजारों की संख्या में गोवंश विचरण करते हैं।

### गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी, चलेगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/बरेली।**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दिशा निदेर्शों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा। शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है। नगर निगम अधिकारी इस कार्ययोजना के तहत अभियान चलाने और लोगों को जागरूक करने की तयारी शुरू हो गई है।

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. आदित्य तिवारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों निराश्रित, बेसहारा गोवंश के विचरण से निकाय की अवस्थापना सुविधाओं को होने वाले नुकसान और जनसामान्य को होने वाली असुविधा, गोवंशों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए कान्हा गौशाला का संचालन किया जा रहा है।

## फास्ट न्यूज

### ममता ने की विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी की घोषणा

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधायकों के वेतन में 40 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी की घोषणा की। राज्य विधानसभा में इसकी घोषणा करने के साथ ही बनर्जी ने कहा, "हालांकि, मुख्यमंत्री के वेतन में कोई संशोधन नहीं होगा क्योंकि वह लंबे समय से कोई वेतन नहीं ले रही हैं।" उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायकों का वेतन अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि उनके वेतन में प्रति माह 40 हजार रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि, बनर्जी ने बढ़ोतरी के बाद सभी भत्ते और विभिन्न स्थायी समितियों के सदस्यों के रूप में अतिरिक्त वेतन सहित विधायकों के वास्तविक वेतन का विवरण नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के इस फैसले की सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई है। राज्य में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता नहीं मिला है। वे लंबे समय से धरने पर बैठे हैं।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे का शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
राजधानी लखनऊ में हुई विनय श्रीवास्तव की हत्या के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पुलिस की रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर के घर पर एक सितंबर को विनय श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने विनय के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला था कि विनय की हत्या विकास किशोर के लाइसेंसी पिस्टल से हुई थी। इसके बाद पुलिस ने गहनता से जांच की और विकास के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपी थी। इसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने विकास का शस्त्र लाइसेंस निलबिंत कर दिया है। इसके अलावा कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस देकर निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल में पहली बार गाया गया राज्य संगीत

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित बांग्लार माटी, बांग्लार जल शुभ होक (बंगाल की मिट्टी बंगाल का पानी शुभ हो) को "राज्य गीत" के तौर पर अपना लिया है। आज पहली बार राज्य विधानसभा में विधायक इंद्रनील सेन ने इसे राज्य गीत के तौर पर अपनाये जाने के बाद गाया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। सदन में यह पल बेहद खास था। इस दिन सरकार ने पश्चिम बंगाल दिवस और राज्यगान को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। इसकी शुरूआत तृणमूल विधायक व सूचना व संस्कृति विभाग राज्य मंत्री इंद्रनील सेन ने की। जब इंद्रनील ने माइक पर गाना गाया तो मुख्यमंत्री भी अपनी सीट से खड़े होकर ताली बजाने लगीं। मौजूद अन्य मंत्री और विधायक भी गाने की धुन पर अपने होंठ हिलाते दिखे। कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1905 में ब्रिटिश सरकार द्वारा बंगाल के विभाजन के विरोध में इस गीत की रचना की थी।

## मैं उदयनिधि का सिर कलम करके लौटूंगाः परमहंस



विवादित बयान

आचार्य ने स्टालिन का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा भी कर चुके हैं

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान को लेकर तपस्वी छावनी के जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेज कर स्टालिन को पद मुक्त किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो 18 सितंबर को वह तमिलनाडु में स्टालिन से मिलने जाएंगे और जिस तरह हनुमान ने कालनेमि का वध किया था, उसी तरह वे उनका सिर कलम करके लौटेंगे। आचार्य ने स्टालिन का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा भी कर चुके हैं। उन्होंने मन्दिर पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हम लोग सनातन धर्म के मानने वाले हैं। हमारा धर्म चींटी को भी बचाकर चलने की बात करता है। हम अहिंसा वादी हैं और वसुधैव कुटुंबकम के अनुयायी हैं, लेकिन जिस तरह से डीएमके नेता ने कहा कि डेंगू-मलेरिया की तरह सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इसके बाद मैंने कहा कि जो उनकी गर्दन कटेगा उसे 10 करोड़ रुपये दूंगा। इस पर उन्होंने पलटवार किया और कहा कि मैं अपने बयान पर अडिग हूं, फिर उनका बयान आ गया कि हमें कोई फर्क नहीं पड़ता हमारे दादा को भी ऐसी धमकी मिली थी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेज कर तत्काल प्रभाव से उनको अपदस्थ करने की हमने मांग की है। मैंने कहा है कि अगर ऐसा न हो तो हमें उनसे मिलने की अनुमति प्रदान कर दी जाए, क्योंकि दूसरे धर्म के बारे में किसी ने ऐसा बयान दिया होता तो अभी तक उसके चिथड़े भी न मिलते लेकिन सनातन पर जहां भारत के 100 करोड़ लोगों में से 80 प्रतिशत लोग इस धर्म को मानने वाले हैं, उन्होंने उनकी हत्या का आह्वान किया है।



कानपुर में सनातन धर्म मंदिर में राधे कृष्ण की झांकियां सजाई गई।

### कश्मीरी पंडितों ने श्रीनगर में निकाली शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाए जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर कश्मीरी पंडितों ने गुरुवार को श्रीनगर में शोभा यात्रा (झाँकी) निकाली। झाँकी में पारंपरिक पोशाक पहने बच्चों के एक समूह के साथ यात्रा श्रीनगर के टंकीपोरा इलाके में कथलेश्वर मंदिर से निकाली और हब्बाकदल, गणपतियार, बारबर शाह, रीगल चौक, लाल चौक, हरि सिंह हाई स्ट्रीट और जहांगीर चौक से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सड़कों से होकर गुजरी। धार्मिक भजन गाते हुए बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित यात्रा में शामिल हुए।

## 'घमंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने भी हीनता ओढ़ रखी है'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के बाकी दलों ने गांधी परिवार सरीखी हीनता ओढ़ रखी है जो अद्भुत भारत के बारे में रत्ती भर भी सकारात्मक नहीं सोच सकते। केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को ट्वीट कर इण्डिया का नाम भारत करने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेताओं की बयानबाजी पर तंज कसा है। गौरतलब हो कि इण्डिया का नाम भारत करने का विरोध सपा,बसपा और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने की है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री का ट्वीट आया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब देश जीतता है तो भारत माता की जय बोला जाता है,इंडिया माता की नहीं। 2024 लोकसभा चुनाव में तीसरी बार मोदी सरकार आने का डर विपक्ष के नेताओं की बयानबाजी में साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की धुरी वाला घमंडिया गठबंधन लड़ने चला था राजग से, लेकिन इसने तो दुनिया के सबसे प्राचीन यानी सनातन धर्म के खिलाफ ही युद्ध छेड़ दिया है, जो धर्म के साथ खड़ा नहीं हो सकता, उसका हश्र कौरवों जैसा होता है।

## धामी ने किया नए हरिपुर घाट का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**नमामि** गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर कालसी में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां यमुना हरि स्नान घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी के साथ ही मां यमुना हरि स्नान घाट का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। इस खास मौके पर सीएम धामी ने आरती की। सीएम धामी ने मां यमुना का आशीर्वाद लेकर जनता को संबोधित किया। विकासनगर हरिपुर में स्थित यमुना तट पर गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। एक खास



कार्यक्रम के तहत वो मां यमुना के तट पर पहुंचे और उनको नमन किया। सीएम ने घाट पर पहुंचते ही मां यमुना को हाथ जोड़कर नमन किया और मां यमुना का आचमन ग्रहण कर पूजन कर आशीर्वाद लिया। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर कालसी में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां यमुना हरि स्नान घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी के साथ ही मां यमुना हरि स्नान घाट का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया।

सलाम

### जज्बे को सलामः रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

## देवाल की बीना देवी ने कार को बनाया रोजगार का साधन

स्वरोजगार

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**
**यदि मन** में हौसला हो तो कोई काम कठिन नहीं है। कहा जाता है कि हौसला हो तो बिना पंख के भी उड़ान भरी जा सकती है। यदि आप कुछ करने की ठान लो तो कोई भी विषम परिस्थिति आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है चमोली जिले के दूरस्थ विकासखंड देवाल के अंतिम गांव वाण की बीना देवी ने। बीना देवी ने स्वरोगार के लिए टैक्सी परमिट की अल्टो कार को रोजगार का जरिया बनाया और आज उत्तराखंड के हर इलाके में सवारियों को बुकिंग पर उनके गंतव्य स्थान तक



पहुंचा कर अच्छा खासा धन अर्जित कर लेती हैं। बीना देवी ने पहाड़ की महिलाओं के लिए एक मिशाल भी कायम की है। देवाल विकासखंड के अंतिम गांव वाण निवासी 34 वर्षीय बीना देवी का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर था। बीना देवी का मायका देवाल के ही हरनी गांव में है। पिता की स्थिति भी ठीक नहीं थी। लिहाजा हाईस्कूल करने के बाद 2010 में उनकी शादी वाण गांव के सुरेंद्र सिंह से हुई। सुरेंद्र सिंह भी टूरिस्ट गाइड का काम करते हैं। उनकी हालत भी कुछ खास ठीक नहीं थी। बीना ने परिवार की आर्थिकी बढ़ाने के लिए स्वयं भी रोजगार करने का मन बनाया। बीना देवी कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही गाड़ी चलाने का बड़ा शौक था, लेकिन परिवार के हालात ऐसे न थे कि वाहन ले पाते। उनकी यह इच्छा मन ही में रह गयी, लेकिन जब रोजगार करने की सोची तो अपने दिल की बात परिजनों को बतायी। पहले तो सबने मना किया लेकिन बाद में मान गये।

2016 में वाहन चलाने की ट्रेनिंग ली। उन्होंने बैंक से ऋण लेकर एक टैक्सी खरीदी और आज वह उत्तराखंड के हर कोने में देवाल से बुकिंग में कार ले जाती हैं।

देवाल विकासखंड के अंतिम गांव वाण निवासी 34 वर्षीय बीना देवी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था

